# भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान

वि. अ. आयोग अधिनियम 1956 की धारा 3 के अधीन मानित विश्वविद्यालय घोषित
भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग के तहत स्वायत संस्थान
वलियमला, तिरुवनंतपुरम **695 547,** केरल



# स्नातक प्रवेश विवरणिका

# 2025

(IIST-180-IP-H-06-2025)

# दृष्टिकोण

विश्व का उच्च स्तरीय शैक्षिक एवं अनुसंधान संस्थान बनकर अंतरिक्ष उद्यमों को प्रबल प्रेरणा प्रदान करना।

# लक्ष्य

- अंतरिक्ष कार्यक्रमों की चुनौतियों का सामना करने के लिए अनोखा अध्ययन परिवेश तैयार करना।
- नवोन्मेष और सृजन की प्रवृत्ति का परिपोषण करना।
- अछूते क्षेत्रों में उत्कृष्टता के केंद्र संस्थापित करना।
- नैतिक एवं मूल्याधिष्ठित शिक्षा उपलब्ध करा देना।
- सामाजिक आवश्यकताओं का सामना करने लायक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना।
- नामी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं से नेटवर्क स्थापित करना।





# मुख्य पदधारी



अध्यक्ष, आईआईएसटी शासी निकाय
सचिव, अतंररिक्ष विभाग

**डॉ. वी. नारायणन**



कुलाधिपति

**डॉ. बी. एन सुरेश**



कुलपति
अध्यक्ष, प्रबंध समिति

**प्रोफ. दिपांकर बनर्जी**

**डीन**



प्रोफ. कुरुविळा जोसफ़
कुलसचिव एवं डीन (शैक्षिकी)



प्रोफ. ए. चंद्रशेखर
अनुसंधान एवं विकास



प्रोफ. राजु के जॉर्ज
छात्र गतिविधियां, छात्र कल्याण एवं बहिरंग कार्यक्रम



प्रोफ. सी. एस. नारायणमूर्ति
आईपीआर एवं सतत शिक्षा, अंतर्राष्ट्रीय संबंध

| | विषय- सूची | पृष्ठ |
|---|---|---|
| 1. | संस्थान के बारे में | 1 |
| 2. | आईआईएसटी में अनुसंधान एवं पाठ्यचर्या प्रयोगशाला | 4 |
| 3. | आईआईएसटी का लघु उपग्रह एवं पेलोड | 5 |
| 4. | आईआईएसटी से स्नातक की उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र | 8 |
| 5. | आईआईएसटियनों की उपलब्धियां | 9 |
| 6. | कैंपस लाईफ | 13 |
| 7. | स्नातक कार्यक्रमः एक छलक | 17 |
| 8. | स्नातक कार्यक्रम 2025 का सीट मेट्रिक्स | 18 |
| 9. | सीट आबंटन | 19 |
| 10. | सत्र शुल्क संरचना | 21 |
| 11. | मेधा छात्रवृत्ति | 23 |
| 12. | इसरो/अंतरिक्ष विभाग आमेलन नीति | 23 |
| 13. | प्रवेश के लिए पात्रता | 24 |
| 14. | महत्वपूर्ण तिथियाँ | 27 |
| 15. | ऑनलाइन प्रवेश प्रकिया | 27 |
| 16 . | सीट आबटन / स्वीकृति दौर की अनुसूची | 32 |
| 17. | विशेष ऑनलाईन या स्पोट प्रवेश दौर | 32 |
| 18. | आईआईएसटी में अध्ययन आरंभ | 32 |
| 19. | स्थानन | 33 |
| 20. | रैगिंग विरोध निति | 34 |
| 21. | संपर्क विवरण | 36 |
| 22. | विवाद निवारण | 36 |
| 23. | परिशिष्ट | 37 |

## 1. संस्थान के बारे में

केरल में तिरुवनंतपुरम में वर्ष 2007 में स्थापित भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईएसटी) वि. अ.आयोग अधिनियम 1956 की धारा 3 के अधीन मानित विश्वविद्यालय घोषित है, जो भारत सरकार के अंतरिक्ष विभाग के तहत एक स्वायत्त संस्था के तौर पर कार्यरत है। आईआईएसटी का प्रारंभ भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के लिए, जो अंतरिक्ष अनुसंधान एवं अंतरिक्ष अनुप्रयोगों में लगे विश्व के अगुआई संगठनों में से एक है, उच्च ग ुणवत्ता वाली जनशक्ति का विकास करने के उद्देश्य से किया गया। यह अपने आप में देश का ऐसा प्रथम संस्थान है, जो अंतरिक्ष विज्ञानों, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी एवं अंतरिक्ष अनुप्रयोगों में विशेष रूप से ध्यान देकर स्नातक, स्नातकोत्तर, डॉक्टर ल एवं पोस्ट डॉक्टरल स्तर पर उच्च कोटि की शिक्षा प्रदान करता है।

उत्कृष्ट अवसंरचना से सुसज्जित और लगभग 95 उच्च योग्यता प्राप्त संकाय सदस्यों**(तालिका 1-1**) से, आईआईएसटी अपनी स्थापना के एक दशक के भीतर, उन्नति के शिखर पर पहुंच गया है । भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी) द्वारा स्थापित 2024 राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिग फ्रेमवर्क में संस्थान को देश की सभी इंजीनियरिंग संस्थानों में 51 वें स्थान पर रखा गया है । इन संस्थानों म ें "शिक्षण, अधिगम एवं संसाधन" के लिए आईआईएसटी को 77% से अधिक उच्च अंक प्राप्त हुआ है जो देश के कई प्रम ुख संस्थानों की तुलना में बेहतर है। हाल ही में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) द्वारा संस्थान को ए+ ग्रेड की मान्यता प्राप्त हुई है। वर्तमान में संस्थान में चार स्नातक एवं सोलह स्नातकोत्तर कार्यक्रम प्रदान करता है जो नीचे सूचीबद्ध हैं।

### स्नातक कार्यक्रम

- बी. टेक. वांतरिक्ष इंजीनियरी
- बी. टेक. इलेक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी (एवियोनिकी)
- बी. टेक. कंप्यूर विज्ञान एवं इंजीनियरी (डेटा विज्ञान)
  (यह एक नया यूजी कार्यक्रम है जो अगस्त,2025 से प्रारंभ होगा।)
- दोहरी उपाधि (इंजीनियरी भौतिकी में बी. टेक. + निम्नलिखित में से किसी एक में विज्ञान निष्णात/ एम. टेक.)
  - मास्टर ऑफ़ साइन्स ऐस्ट्रोणमी ऐन्ड ऐस्ट्रोफिसिक्स
  - मास्टर ऑफ़ साइन्स सॉलिड स्टेट फिज़िक्स
  - एम. टेक. अर्थ सिस्टम साइन्सस
  - एम. टेक. ऑप्टिकल इंजीनियरिंग

  पिछले वर्षों के यूजी नामांकन तालिका 1 - 2 में दिखाया गया है

### स्नातकोत्तर कार्यक्रम

- एम. टेक. थर्मल ऐन्ड प्रोप्ल्शन
- एम. टेक. एयरोडाइनामिक्स ऐन्ड फ्लाइट मैकानिक्स
- एम. टेक. स्ट्रक्चर्स ऐन्ड डिज़ाइन
- एम. टेक. मैटीरियल साइन्स ऐन्ड टेकनॉलजी
- एम. टेक. अर्थ सिस्टम साइन्सस
- एम. टेक. जियोइन्फमैटिक्स

- एम. टेक. मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलोजी
- एम. टेक. आर. एफ. ऐन्ड माइक्रोवेव इंजीनियरी
- एम. टेक. डिजिटल सिग्नल प्रोसेसिंग
- एम. टेक. कंट्रोल सिस्टम
- एम. टेक. वीएलएसआई ऐन्ड माइक्रोसिस्टम्स
- एम. टेक. पावर इलक्ट्रोनिक्स
- मास्टर ऑफ़ साइन्स ऐस्ट्रोणमी ऐन्ड ऐस्ट्रोफिसिक्स
- एम. टेक. मशीन लर्निंग ऐन्ड कंप्यूटिंग
- एम. टेक. ऑप्टिकल इंजीनियरिंग
- एम. टेक. क्वांटम प्रौद्योगिकी

इसके अलावा, आईआईएसटी में उत्कृष्ट अनुसंधान वातावरण है, जिसमें 450 से अधिक पीएचडी शोध छात्र प्रगत अनुसंधान क्षेत्रों में लगे हुए हैं। मूल सिद्धांतों को मजबूत करने, व्यावहारिक कार्य के माध्यम से हस्ताभ्यास प्रदान करने , समझ बढ़ाने और अभिरुचि के विविध क्षेत्रों में ज्ञान का विकास करने के उद्देश्य से शैक्षिक कार्यक्रमों को तैयार किया गया है । आईआईएसटी छात्रों में नवप्रवर्तन की संस्कृति विकसित करने पर केंद्रित है।

आईआईएसटी में सभी शैक्षिक प्रयोगशालाओं का अभिकल्पन सावधानी से किया गया है और सर्वोत्तम प्रयोगात्मक सुविधा और उपकरण प्रदान किए गए हैं। आईआईएसटी में प्रगत नोदन एवं लेजर नैदानिकी, आभासी वास्तविकता और नैनोविज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में तीन उत्कृष्टता के केंद्र हैं जहां छात्रों को विविध प्रगत और परिष्कृ त प्रयोगों में जुड़ने का अवसर मिलता है। कई अधुनातन अनुसंधान प्रयोगशालाएं छात्रों को अत्याधुनिक अनुसंधान करने के लिए अद्वितीय अधिगम वातावरण प्रदान करती हैं। अगले दशक में कदम रखते हुए आईआईएसटी अपनी दशकीय योजनाओं में पैलट -एरिस2, 201F, इन्सपायर सैट-1, अंतरिक्ष रोबोटिकी, अंतरिक्ष संवेदक जैसे अंतरिक्ष संबंधी परियोजनाओं में सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए युवा होनहार छात्रों को पर्याप्त अवसर प्रदान करता है।

आईआईएसटी और इसकी गतिविधियों के विस्तृत अवलोकन के लिए www.iist.ac.in वेबसाइट पर जाएं।


**तालिका 1.1: शिक्षण कार्मिक**

| विभाग | संकाय सदस्य | वैज्ञानिक/तकनीकी स्टाफ |
|---|---|---|
| **वांतरिक्ष इंजीनियरी** | 24 | 23 |
| **ईसीई (एविओनिकी)** | 23 | 10 |
| **रसायन** | 8 | 3 |
| **पृथ्वी एवं अंतरिक्ष विज्ञान विभाग** | 14 | 3 |
| **मानविकी** | 5 | 1 |
| **गणित** | 11 | 3 |
| **भौतिकी** | 12 | 11 |

**तालिका 1.2: स्नातक नामांकन**

| वर्ष | वांतरिक्ष इंजीनियरी | एविओनिकी/ इलक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी | भौतिक विज्ञान/ दोहरी उपाधि | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 2007 | 49 | 60 | 29 | 138 |
| 2008 | 51 | 64 | 33 | 148 |
| 2009 | 52 | 65 | 34 | 151 |
| 2010 | 53 | 61 | 34 | 148 |
| 2011 | 59 | 58 | 21 | 138 |
| 2012 | 53 | 54 | 25 | 132 |
| 2013 | 60 | 60 | 36 | 156 |
| 2014 | 60 | 60 | 33 | 153 |
| 2015 | 60 | 58 | 20 | 138 |
| 2016 | 60 | 60 | 20 | 140 |
| 2017 | 60 | 60 | 20 | 140 |
| 2018 | 60 | 60 | 20 | 140 |
| 2019 | 66 | 66 | 22 | 154 |
| 2020 | 64 | 63 | 22 | 149 |
| 2021 | 67 | 67 | 22 | 156 |
| 2022 | 72 | 71 | 24 | 167 |
| 2023 | 72 | 73 | 24 | 169 |
| 2024 | 72 | 72 | 24 | 168 |

## 2. आईआईएसटी में अनुसंधान एवं पाठ्यचर्या प्रयोगशालाएँ




आईआईएसटी में सभी शैक्षणिक प्रयोगशालाएं हैं जो सभी आवश्यक अनुदेशात्मक उपकरणों से सुसज्जित हैं। परिचय प्राप्त प्रयोगशाला के कर्मचारी उन्हें प्राइम-फॉर्म में रखते हैं। प्रत्येक विभाग में छात्रों को शोध के प्रति रुचि बढाने के लिए उत्कृष्टता केंद्र, समर्पित आधुनिक उपकरणों के साथ अपनी अपनी शोध प्रयोगशालाएं हैं। केंद्रीय कर्मशाला छात्रों के सभी रचनात्मक अभिकल्पों को जीवन देती है। एक उच्च प्रदर्शन अभिकलन केंद्र अभिकलनीय क्षेत्र में सभी शैक्षणिक अनुसंधान को पूरा करता है। छात्र इन प्रयोगशालाओं में अपनी अनुदेशात्मक प्रयोगशालाओं, प्रशिक्षुताओं, परियोजनाओं आदि का प्रदर्शन करते हैं। इसके अलावा छात्रों को अपनी प्रशिक्षुता, परियोजनाओं आदि के लिए इसरो केंद्रों का दौरा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। आईआईएसटी छात्रों को राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं जैसे नैनो-उपग्रहों, क्यूबसैट एवं अंतरिक्ष अनुप्रयोग से संबंधित संवेदक आदि के अभिकल्पन एवं विकास में प्रमुख भूमिका निभाने के लिए अद्वितीय अवसर प्रदान करता है। पहले बैच के छात्रों ने व्योम एमके द्वितीय जैसे साउंडिंग रॉकेटों के अभिकल्पन में सक्रिय रूप से भाग लिया।


## 3. आईआईएसटी का लघु उपग्रह एवं पेलोड

संस्थान की विशेषता यह है कि वे इसरो के सहयोजन से युवा आईआईएसटियनों को वैज्ञानिक प्रदायभार एवं लघु उपग्रहों के विकास में भाग लेने का मौका देते हैं। आईआईएसटी स्नातक छात्रों द्वारा विकसित कुछ प्रदायभार का विवरण यहां दिया गया है।

हाल ही में अंतरिक्ष विभाग ने पीएसएलवी ऑर्बिटल एक्सपेरिमेंटल मॉड्यूल (पीओईएम) की घोषणा की, जिससे वैज्ञानिक समुदाय पीएसएलवी-सीए प्रमोचन यान के पीएस4 चरण का उपयोग करके कक्षा में सूक्ष्मगुरुत्व प्रयोग कर सके। आईआईएसटी की महत्वाकांक्षा उस मिशन के अनुरूप थी और हमारी शोध टीमों ने तुरंत POEM-2023 के लिए दो प्रदायभार का अभिकल्पन कर आपूर्ति की, और यह 22 अप्रैल 2023 को सटीक रूप से लोकार्पित हुआ।




ARIS (Advanced Retarding Potential Analyser for Ionospheric Studies) payload was conceptualized and built by a team of Inter-Disciplinary Professors (Umesh Kadhane (Physics), Sudharsan Kaarthik (ECE), Sooraj, V.S. (Aerospace), and Anoop, C.S. (ECE)) of IIST. It is an Ionospheric plasma and electrostatic instrument to study the structural and composition of the ionosphere. Earth's ionosphere is a natural detector of terrestrial phenomena and solar activities. Small and difficult-to-detect geomagnetic variations can easily be sensed in the ionosphere, such measurements are used to predict the imminent earthquakes by a few hours. Similarly, solar activity which is the main driver of the ionosphere can be studied in real-time by performing ion and electron density measurements in the ionosphere. Such measurements provide us with the warning of hazardous radiation effects on space assets, possible radiation exposure to aircraft crew and possible power grid disruptions. Real-time monitoring of Ionosphere is important. ARIS 201F was launched on 22 Apr 2023 through PSLV C55. ARIS 201F is an upgraded version of ARIS 101F which was flown to Earth's ionosphere





The second payload was Pslv-In-orbital Obc and Thermals (PILOT). It is a student payload to validate a thermal simulation model at real flight conditions. The main mission objectives are the following: a) To demonstrate the 3D printed metal structure performance for satellite related applications designed by IIST and fabricated by L&T Pvt. Ltd, b). To validate the thermal simulation model with flight data acquired through sensors placed at strategic locations, c) To evaluate the performance of the indigenously designed On Board Computer (OBC) along with its flight software developed for the mission, d) To demonstrate the indigenously developed RS485 telemetry communication.

in 2019 as part of the PSLV C45 mission. Upgradations include indigenous and inhouse-built-sensors with high sensitivity and high energy resolution and optimised operating parameters to receive more data in the energy range relevant to the Earth ionosphere (based on data received from ARIS 101F.

## INSPIRESat-1 – a success story by IIST team

In 2015, the INSPIRE (International Satellite Program in Research and Education) program was initiated by the University of Colorado, Boulder (CU) and Laboratory for Atmospheric and Space Physics (LASP). Its objectives are to develop a constellation of small satellites along with a supportive global ground station network to aid in innovative research in spacecraft design, space systems engineering, operations, and data analysis, as well as in several educational programs. INSPIRESat-1 is a 9U CubeSat conceptualized, designed, and launched by CU/LASP, IIST (Indian Institute of Space Science and Technology), Thiruvananthapuram, Kerala, India, and NCU (National Central University), Taoyuan City, Taiwan. Its payloads are (1) DAXSS (Dual Aperture X-ray Solar Spectrometer) instrument to build knowledge on Sun's Coronal Heating process, and (2) Compact Ionosphere Probe to understand Ionosphere dynamics.

At IIST, Small-spacecraft Systems and PAyload CEnter (SSPACE), headed by Dr. Priyadarshan H, Department of Electronics and Communication Engineering (Avionics), was established as a nodal point. A dedicated group of IIST students & faculties, scientists from various ISRO centers, and a few international collaborators joined hands in the conceptualization, design, manufacturing, and launch of the INSPIRESat-1 Nano-satellite. All students involved in this program contributed creative ideas to overcome the highly complex technological challenge and gained valuable knowledge in the field of Nano-satellites. On 14 Feb 2022, INSPIRESat-1 was launched successfully into Low Earth Orbit (LEO) by the ISRO's majestic PSLV-C52, and the IIST ground station successfully established communication with the satellite.



INSPIRESat-1 at testing bay



INSPRIESat-1 Team, IIST with the Former ISRO Chairman, Shri. Somanath



INSPIRESat-1 integration with PSLV




Former IIST Director, Dr. Sam Dayala Dev, flagging-off ISNPIRESat-1 journey to Launch centre

### Chief Student contributors



**Sanidhya Vijayawat**
B.Tech Avionics, 2015



**Anant Kumar**
B.Tech Avionics, 2016



**Mallikarjun Kompella**
B.Tech Avionics, 2016



**Devashish Bhalla**
B.Tech Aerospace, 2018



**Dhruva Anantha Dutta**
B.Tech Avionics, 2018



**Murala Aman Naveen**
B.Tech Avionics, 2018



**Arosish Priyadarshan**
B.Tech Avionics, 2019



**Akash Mahobe**
B.Tech Aerospace, 2019

### 2019 में एरिस प्रदायभार का विमोचन




एआरआईएस (ऐरिस) प्रदायभार अंतरिक्ष पर आईआईएसटी का पहला प्रयास था। छात्रों, शोधकर्ताओं और संकाय सदस्यों की आईआईएसटी टीम ने स्वदेशी रूप से आयनमंडलीय अध्ययन (एआरआईएस) पेलोड के लिए एक उन्नत रिटार्डिंग पोटेंशियल एनालाइजर का अभिकल्पन और विकास किया। अप्रैल 1, 2019 को इसे इसरो के PSLV C45 रॉकेट द्वारा अपनी वांछित कक्षा में सफलतापूर्वक प्रमोचित किया गया।

### 3.1 वैश्विक अवसर

स्नातक छात्रों को आईआईएसटी एवं / अन्य मेजबान संस्थानों के वित्त पोषण के साथ इसरो केंद्रों और देश विदेश के अन्य प्रमुख संस्थानों में अपनी प्रशिक्षुता एवं परियोजनाएं पूरा करने के लिए पर्याप्त अवसर मिलते हैं। छात्र प्रशिक्षुता के लिए आईआईएसटी का टाई-अप यूनिवर्सिटी ऑफ कोलोराडो, बोल्डर, संयुक्त राष्ट्र अमेरिका (कैलटेक), जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी, कैलिफोर्निया, संयुक्त राष्ट अमेरिका, ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी, कैनबरा, ऑस्ट्रेलिया, टोक्यो यूनिवर्सिटी, जापान, निगाटा यूनिवर्सिटी, जापान, इकोले पॉलीटेक्निक फेडेरेल डी लॉज़ेन, स्विट्जरलैंड, और सोरबोन यूनिवर्सिटी, फ्रांस से है।

*मेधावी छात्रों को उत्कृष्ट बनने के लिए प्रेरित करने हेतु, स्नातक कार्यक्रमों में वांतरिक्ष इंजीनियरी, इलेक्ट्रोनिकी और संचार इंजीनियरी शाखाओं के सर्वोत्तम शैक्षिक निष्पादक को विश्व प्रसिद्ध कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (कैलटेक), यूएसए में स्नातकोत्तर कार्यक्रम करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान किया जाता है। उपर्युक्त नौ महीने का निष्णात कार्यक्रम अंतरिक्ष विभाग – कैलटेक प्रोफेसर सतीश धवन एंडॉवमेंट फैलोशिप के तहत आर्थिक रूप में पूरी तरह से समर्थित है। स्नातकोत्तर कार्यक्रम पूरा करने के पश्चात छात्र अतिरिक्त रूप से जेपीएल में दो महीने की अवधि का प्रशिक्षुता कर सकते हैं, यह भी प्रोफेसर सतीश धवन फैलोशिप के अंतर्गत पूरी तरह से समर्थित है। लौटने पर इन छात्रों को इसरो में आमेलित किया जाता है।*

स्नातक छात्रों को अन्य अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षुता कार्यक्रमों के लिए आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। हाल ही के वर्षों में छात्रों ने लॉकहीड मार्टिन अडरग्रेजुएट स्टूडेन्ट विसिटेशन कार्यक्रम, मिटाक्स ग्लोबलिंक रिसर्च फाउंडेशन, कैनेडा तथा डीएएडीः जर्मन अकादमिक ऐक्सचेन्ज सर्विस, जर्मनी के तहत अंतर्राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति हासिल की है और प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक संस्थाओं में प्रशिक्षुता की है।

स्नातक और दोहरी उपाधि छात्रों को प्रत्येक सत्रक (भाग 11 में विस्तृत रूप से बताया गया है) के लिए निष्पादन आधारित वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है । इसके अतिरिक्त, स्नातक और दोहरी उपाधि छात्रों को, अपने कार्यक्रम के सफल समापन पर, इसरो के प्रतिष्ठित केंद्रों में आमेलित होने का अवसर मिलता है, बशर्ते कि यह रिक्तियों के उपलब्ध होने पर और भाग 12 में विस्तृत रूप से बताए गए शैक्षिक मानदंडों को पूरा करने पर मिलता है। साथ ही साथ छात्रों को आईआईएसटी के स्थानन कक्ष द्वारा विविध संगठनों में भर्ती का भी अवसर मिलता है।

### 4. आईआईएसटी से स्नातक की उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र




भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान (आई आई एस टी) का 12वां दीक्षांत समारोह 6 जुलाई 2024 को आयोजित किया गया। इस समारोह में भारत के उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़, इसरो अध्यक्ष श्री. एस. सोमनाथ, आई आई एस टी के कुलाधिपति डॉ. बी. एन. सुरेश, और आई आई एस टी के कुलपति श्री. उण्णिकृष्णन नायर उपस्थित थे। विशेष रूप से अंतरिक्ष क्षेत्र के खुलेपन को देखते हुए इसरो अध्यक्ष ने युवाओं को अधिक रचनात्मक और उत्साही बनने की आवश्यकता पर बल दिया। उपराष्ट्रपति ने "विकसित भारत 2047" के लक्ष्य को साकार करने के लिए युवाओं को प्रेरित किया, यह कहते हुए कि वे विकास की दिशा में आगे बढ़ने वाली शक्ति होंगे। इस समारोह में उपराष्ट्रपति ने स्नातकों को डिग्री और शैक्षणिक उपलब्धि पुरस्कार प्रदान किए। श्री. मानवेंद्र शर्मा (बी.टेक. इलेक्ट्रॉनिकी और संचार इंजीनियरी) को प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। श्री. वाई. राहुल कुमार (बी.टेक. वांतरिक्ष इंजीनियरी) को वांतरिक्ष इंजीनियरी विभाग में उच्चतम अंक हासिल करने के लिए नकद पुरस्कार प्राप्त हुआ। श्री. सिद्धार्थ एस. कांधवे (बी.टेक. वांतरिक्ष इंजीनियरी) को शैक्षणिक, पाठ्येतर और अतिरिक्त गतिविधियों में उत्कृष्टता के लिए सर्वश्रेष्ठ ऑल-राउंडर घोषित किया गया, उन्हें नकद पुरस्कार और उत्कृष्टता प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ । बी. टेक में महिलाओं में सर्वश्रेष्ठ ऑल-राउंडर स्थान प्राप्त करने के लिए सुश्री रीतिका को आई आई एस टी पूर्व छात्र संघ द्वारा प्रायोजित विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया।

## 5. आईआईएसटियनों की उपलब्धियां

# आईआईएसटी की उपलब्धियां (मई 2024 से अप्रैल 2025 तक)

## संस्थान के उत्कृष्टता पदक

### स्नातक कार्यक्रम



**श्री.मानवेन्द्र शर्मा**
बी.टेक, इलक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी (एवियोनिकी)
संस्थान के स्वर्ण पदक प्राप्त छात्र - स्नातक कार्यक्रम



**श्री. राहुल कुमार**
बी.टेक, वांतरिक्ष इंजीनियरी, वांतरिक्ष इंजीनियरी विभाग में सर्वोतम अंक प्राप्त छात्र



**श्री. सिद्धार्थ संजीव कंधवे**
बी.टेक, वांतरिक्ष इंजीनियरी, सर्वश्रेष्ठ ऑलराऊंडर छात्र

## प्रशिक्षुता एवं अध्येतावृत्ति



**सुश्री आनी गब्रियल**
इंजीनियरिंग भौतिकी
टोक्यो यूनिवर्सिटी
अनुसंधान प्रशिक्षुता कार्यक्रम
टोक्यो यूनिवर्सिटी,जपान



**श्री.करण गुप्ता**
ईसीई
वायुमंडलीय एवं अंतरिक्ष भौतिकी के लिए प्रयोगशाला
कोलोराडो यूनिवर्सिटी, बोल्डर



**सुश्री पूजिता मेडीनिनी**
ईसीई
सोरबोन यूनिवर्सिटी, पेरिस

## प्रशिक्षुता एवं अध्येतावृत्ति



श्री. प्रभाष सिंह
वांतरिक्ष
उत्कृष्ट चारपाक प्रयोगशाला
छात्रवृत्ति 2024



**श्री.राहिल राणा**
वांतरिक्ष
वायुमंडलीय एवं अंतरिक्ष
भौतिकी के लिए प्रयोगशाला
कोलोराडो यूनिवर्सिटी, बोल्डर

## प्रशिक्षुता एवं अध्येतावृत्ति



**श्री. भार्गव शिव साई**
**ईसीई**
**GeepS प्रयोगशाला**
**पेरिस, फ्रांस**



**श्री.उत्कर्ष उत्सव**
ईसीई
ईपीएफएल इंजीनियरिंग
इंस्टिट्युट में उत्कृष्ट ईपीएफएल
स्विट्ज़रलैंड



Mr. Prakhar Maheswari is the proud 1st Runner in the Hyderabad District chess competition (Jun 2024)




**IIST Chess Team Achievements – BITS SPREE 2025 (March 2025)**
The IIST Chess Team secured 5th place out of 10 teams in the BITS Blitz Chess Tournament. In the individual standings, our team members ranked between 14th and 30th out of 60 participants.



**Trivandrum District Chess Competition 2024 (May 2024)**
Individual Standings - Mr. Karan Gupta – 12th, Prakhar Maheshwari- 16th, Varun Raj - 20th & KNVCS Guptha - 21st positions among 100 competitive participants

# Achievements of IISTians

## The Kalam PRIZE

The topmost academic achievers of B. Tech Aerospace Engineering and Electronics and Communication Engineering (Avionics) students of IIST were provided a unique opportunity to do a nine-month Master of Science program at the world-renowned California Institute of Technology (Caltech), USA. After the M.S. program, they also undergo a two-month internship at Jet Propulsion Laboratory (JPL), a federally-funded research and development center man- aged by Caltech for NASA. Their higher studies are fully funded through DoS-Caltech Professor Satish Dhawan Endowment Fellowship, and later, they are absorbed in ISRO. California Institute of Technology (Caltech) proudly awards "The Kalam Prize" to one of the best Aerospace engineering Master's Program students whose academic performance was exemplary and showed high potential for future achievements at Caltech, USA. IIST is very proud to mention that five out of the Ten IISTians who did Master's in Aerospace Engi- neering at Caltech, USA had won the most coveted "The Kalam Prize".

## The other winners of "The Kalam Prize"



Mr. Shashank Tomar
2022



Miss. Garima Aggarwal
2021



Mr. Padmanabha Prasanna Simha
2019



Mr. Avinash Chandra
2018



Mr. A. Chaphalkar
2014

## 6. कैंपस लाईफ



















आईआईएसटी वलियमला में स्थित है। मौसम काफी खुशनुमा है। इसका वातावरण प्रदूषण से मुक्त है। आईआईएसटी में सभी आवश्यक सुविधाओं के साथ पुरुषों और महिलाओं के लिए सुसज्जित छात्रावास हैं। छात्र गतिविधि केंद्र (SAC) का अपना भवन है। एसएसी भवन में सभी छात्रों के लिए केंद्रीकृत मेस की सुविधा है। इसमें एक खुला थिएटर है। इसमें एक बहुउद्देश्यीय हॉल है जो नवीनतम ऑडियो-वीडियो सिस्टम से सुसज्जित है। इसमें एक इनडोर खेल सुविधा भी है जिसमें जिम, पूल टेबल आदि शामिल हैं। हाल ही में, एक तितली उद्यान, एक छोटे ट्रैकिंग पथ के साथ फुटबॉल और बास्केटबॉल मैदान का उद्घाटन किया गया। एयरो क्लब, रोबोटिकी क्लब, खगोल विज्ञान क्लब और गणित क्लब जैसे क्लब वास्तविक समय की चुनौतियों को सामना करने में छात्रों की सहायता करते हैं। छात्र इन क्लबों के कुशल संचलन के लिए जिम्मेदार हैं। कॉन्सेन्शिया छात्रों द्वारा आयोजित एक वार्षिक तकनीकी उत्सव है। यह एक ऐसी घटना है जो छात्रों में उनकी नियमित शैक्षणिक प्रतिबद्धताओं के अलावा छिपे हुए तकनीकी ज्ञान और प्रतिभा को सामने लाती है। धनक छात्रों द्वारा प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला एक सांस्कृतिक उत्सव है, और यह शैक्षिकी के अलावा उनकी सर्वांगीण प्रतिभा को दिखाने में मदद करता है। यह भारत के दक्षिणी भागों में काफी लोकप्रिय है। फ्रेशर डे और फेयरवेल डे छात्रों के बीच संपर्क को बेहतर बनाने में मदद करता है। ओणम त्योहार एक विशेष घटना है। उस त्योहार के दिन, पूरा आईआईएसटी परिवार रंगोली प्रतियोगिता (केवल प्राकृतिक फूलों के साथ) में और ओणम जुलूस में भाग लेता है और उत्सव ओणम सद्या (मुंह में पानी लाने वाली दावत) के साथ समाप्त होता है। इसके अलावा, छात्र अन्य सभी त्योहार मनाते हैं। त्रिवेंद्रम में उनकी सप्ताहांत यात्राओं के लिए बस सुविधाएं उपलब्ध हैं। परिसर में छात्र परामर्शदाताओं सहित चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं। कैफेटेरिया अपने स्वच्छ और स्वादिष्ट व्यंजन के साथ दोस्ती और अनुसंधान को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### 6.1 धनक 2025

भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान (आई आई एस टी) के बहुप्रतीक्षित वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव धनक का 14वां संस्करण 14 से 17 मार्च 2025 तक आयोजित किया गया। इस बार का विषय था "फाइवफोल्ड सिम्फनी", जो रचनात्मकता, नवाचार और जुनून का शानदार संगम साबित हुआ। देशभर के संस्थानों से प्रतिभाशाली व्यक्तियों को मंच प्रदान करने वाले इस महोत्सव ने छात्रों को संगीत, नृत्य, कला, साहित्य और डिजिटल अभिव्यक्ति में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया। मार्च 14, 2025 की शाम को भव्य उद्घाटन समारोह के साथ इस रोमांचक चार दिवसीय उत्सव की शुरुआत हुई। इस दौरान गणमान्य व्यक्तियों, संकाय और छात्रों की उपस्थिति ने पूरे आयोजन को जीवंत बना दिया। महोत्सव में प्रतिस्पर्धात्मक और मनोरंजक कार्यक्रमों की एक विविध श्रृंखला प्रस्तुत की गई, जिनमें से कुछ प्रमुख कार्यक्रम थे: इन्फर्नो मूव्स (समूह नृत्य), एकल नृत्य, आर्ट अल्केमी (चित्रकला प्रतियोगिता), ओरिगामी चैलेंज, अनस्पोकन क्रॉनिकल्स (कहानी लेखन प्रतियोगिता), ध्वनिका (बैंड की प्रतियोगिता) - जहाँ आई आई एस टी के अपने बैंड स्वर्णोवा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया- दोस्ताना (जुगल दोस्ती घटना), लैक्सिकल सिम्फनी (स्पेल बी प्रतियोगिता), एनीमे क्विज, मेलोडिक अल्केमी (वाद्य यंत्र प्रतियोगिता), इंकस्पायर (कविता प्रतियोगिता), एलिमेंटल ग्लैमस्टर (फैशन शो), एकल अभिनय, वैलोरेंट (ई-स्पोर्ट्स टूर्नामेंट)। देशभर के विभिन्न कॉलेजों के प्रतिभागियों ने इसमें कॉन्टेम्परारी, हिप-हॉप, लोक और शास्त्रीय शैलियों का खूबसूरत समावेश किया। हर कलाकार ने ताल, गति और रचनात्मकता का अद्वितीय प्रदर्शन किया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे महोत्सव में जोश और उत्साह की

लहर साफ दिखाई दी, जिसने इसे भारत के प्रमुख सांस्कृतिक समारोहों में एक महत्वपूर्ण स्थान दिलाया। धनक 2K25 एक अविस्मरणीय अनुभव साबित हुआ, जिसने सांस्कृतिक, कलात्मक और बौद्धिक प्रतिभाओं के जबरदस्त संगम को प्रोत्साहित किया। इस उत्सव ने छात्रों को अपनी रचनात्मकता व्यक्त करने, कलाकारों से जुड़ने और नवाचार की भावना का जश्न मनाने का अवसर दिया। यह महोत्सव एक शानदार समापन समारोह के साथ संपन्न हुआ, लेकिन अपने पीछे कुछ यादें छोड़ दीं और अगले अध्याय - धनक 2K26 के लिए उत्साह और उम्मीदें बढ़ गईं।



## 6.2 खेलकूद दिवस

भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान (आई आई एस टी) का वार्षिक खेल प्रतियोगिता जनवरी 31, 2025 को आयोजित किया गया। इस खेल उत्सव में छात्रों ने आकाशगंगा, देवयानी, कृतिका, सप्तर्षि और शर्मिष्ठा नामक पाँच हाउसों के तहत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। समारोह का उद्घाटन सुबह 9:30 बजे मुख्य अतिथि श्री. शहनशाह एम. एस. (IPS), कमांडेंट, स्पेशल आर्म्ड पुलिस द्वारा किया गया। प्रो. कुरुविळा जोसफ (कुलसचिव एवं डीन - शैक्षिकी) ने स्वागत भाषण दिया, जिसके बाद आई आई एस टी के कुलपति प्रो. दिपांकर बनर्जी ने अध्यक्षीय भाषण दिया। मुख्य अतिथि ने विभिन्न टीमों के मार्च-पास्ट से सलामी ग्रहण की। इसके बाद, उन्होंने आई आई एस टी ध्वज फहराकर खेल समारोह का औपचारिक शुभारंभ किया। उन्होंने मशाल को स्पोर्ट्स कप्तान श्री. शशांक सिंह (चौथे वर्ष, वांतरिक्ष इंजीनियरी) को सौंपा, जिसे बाद में हाउस कप्तानों को सौंपा गया। औपचारिक उद्घाटन कार्यक्रम के बाद, ट्रैक और फील्ड प्रतियोगिताओं के फाइनल आयोजित किए गए। अंत में, आई आई एस टी खेल समिति की अध्यक्ष प्रो. जे. शीबा रानी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।



## 7 स्नातक कार्यक्रम: के बारे में

### *(1) वांतरिक्ष इंजीनियरी (ए ई )*

आईआईएसटी का बी. टेक वांतरिक्ष इंजीनियरी कार्यक्रम अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी की आवश्यकताओं पर केंद्रित है और यांत्रिक इंजीनियरी के साथ महत्वपूर्ण संबंध रखता है। वांतरिक्ष इंजीनियरी के परपंरागत पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त इसमें यांत्रिक अभिकल्प, विनिर्माण विज्ञान एवं अंतरिक्ष गतिकी शामिल हैं । वांतरिक्ष इंजीनियरी में बी. टेक. की उपाधि प्राप्त करने वाले छात्रों को उड़ान यांत्रिकी, वायुगतिकी, ऊष्मीय एवं नोदन, संरचना एवं अभिकल्प तथा विनिर्माण विज्ञान में विशेषज्ञता प्राप्त करने के लिए सक्षम बनाती है। विस्तृत पाठ्यक्रम के लिए https://www.iist.ac.in/academics/curricula देखें।

### *(2) इलेक्ट्रॉनिकी और संचार इंजीनियरी (एविओनिकी) (ईसीई)*

इस कार्यक्रम में विद्युत, इलेक्ट्रॉनिकी, संचार इंजीनियरी और कंप्यूटर विज्ञान का समावेश है। यह एविओनिकी पर विशेष ध्यान केंद्रित करता है जिसमें वांतरिक्ष तंत्र से संबंधित इलेक्ट्रॉनिकी शामिल है। ईसीई में बी. टेक. उपाधि धारण करनेवाले छात्र अंकीय संकेत संसाधन, आर एफ़ एवं सूक्ष्मतरंग संचार, ऐंटिना, शक्ति इलक्ट्रोनिकी, सूक्ष्म इलक्ट्रोनिकी, नियंत्रण तंत्रों, कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरी, निर्मित बुद्धि, रोबोटिकी जैसे क्षेत्रों में उच्च अध्ययन कर सकते हैं। विस्तृत पाठ्यक्रम के लिए https://www.iist.ac.in/academics/curricula देखें)

### *(3) कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरी (डेटा विज्ञान)*

डेटा विज्ञान में विशेषज्ञता के साथ कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनिय री में बी.टेक चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम है, जिसे डेटा विज्ञान में उन्नत ज्ञान और कौशल विकसित करने के साथ-साथ कंप्यूटर विज्ञान में एक ठोस आधार प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग के उभरते हुए क्षेत्र, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी सहित विज्ञान और इंजीनियरी के विविध क्षेत्रों को प्रभावित कर रहे हैं। ये 21वीं सदी के अत्यधिक मांग वाले कौशल बन गए हैं। आधुनिक प्रौद्योगिकी के इन क्षेत्रों की नींव बी. टेक कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरी कार्यक्रम में शामिल की गई है। कंप्यूटर विज्ञान में निम्नलिखित मुख्य विषय शामिल हैं: प्रोग्रामिंग भाषाएँ, ऑपरेटिंग सिस्टम, कंप्यूटर नेटवर्क्स, कंप्यूटर ऑर्गेनाइजेशन, सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग, एल्गोरिदम और डेटा संरचना वहीं, डेटा विज्ञान के लिए आवश्यक विषयों में मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स, डीप लर्निंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता शामिल हैं। छात्र उन्नत कंप्यूटर सिस्टम, सूचना सुरक्षा और संचार, डेटा विज्ञान और मशीन लर्निंग जैसे वैकल्पिक पाठ्यक्रम में भी चयन कर सकते हैं। इस क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाले छात्र कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरी तथा डेटा विज्ञान के उन्नत क्षेत्रों में करियर बना सकते हैं। विस्तृत पाठ्यक्रम और सिलेबस के लिएhttps://www.iist.ac.in/academics/curricula देखें।

### *(4) दोहरी उपाधि कार्यक्र (डी डी)*

इस कार्यक्रम में भौतिकी, गणित और इंजीनियरी के संयुक्त विषयों का अध्ययन शामिल है। दोहरी उपाधि कार्यक्रम के पहले वर्ष में विज्ञान व इंजीनियरी (सभी स्नातक कार्यक्रमों में समान) का बुनियादी पाठ्यक्रम शामिल होगा। कार्यक्रम के दूसरे और तीसरे वर्षों में मुख्यतः भौतिकी व इंजीनियरी में मूल पाठ्यक्रम शामिल होगा। चौथे वर्ष में छात्र चार स्नातकोत्तर विशेषज्ञताओं में से कोई एक पढ़ेंगे जो विज्ञान

निष्णात या एम. टेक. उपाधि प्राप्त करने में सहायक होगा। कार्यक्रम का पाँचवें वर्ष में विशेषज्ञता के क्षेत्र में केवल अनुसंधान परियोजना कार्य ही करने होंगे।

- खगोल विज्ञान एवं खगोल भौतिकी में विज्ञान निष्णात कार्यक्रम का लक्ष्य है छात्रों को ग्रहों, नक्षत्रों, मंदाकिनियों, एवं संपूर्ण ब्रहमांड में भौतिकी की संकल्पनाओं के अनुप्रयोगों से परिचित कराना।
- ठोस अवस्था भौतिकी में विज्ञान निष्णात कार्यक्रम का लक्ष्य है- सामान्य रूप से अर्धचालक युक्तियों में एवं युक्ति भौतिकी में अनुसंधान में जीविका प्रदान करना। यह कार्यक्रम संघनित द्रव्य भौतिकी में उच्चतर अनुसंधान करने में इच्छुक छात्रों के लिए अभिकल्पित है।
- पृथ्वी तंत्र विज्ञान में एम. टेक. कार्यक्रम का लक्ष्य है - छात्रों को पृथ्वी तंत्र, इसके घटकों एवं पारस्परिक क्रियाओं से परिचित कराना। पृथ्वी तंत्र, पृथ्वी ग्रह में भौतिक, रासायनिक एवं जैविक प्रक्रियाओं के प्रभाव से जुडी जटिल प्रणाली है। यह विविध तत्व जैसे वायुमंडल, जलमंडल, भूमंडल, जीवमंडल के ज़रिए प्रकट है।
- प्रकाशिक इंजीनियरी में एम. टेक. कार्यक्रम की अभिकल्पना का उद्देश्य है- प्रगत प्रकाशिकी उद्योग एवं संबंधित अनुसंधान व विकास संगठनों की वर्तमान और भविष्य की प्रौद्योगिकी आवश्यकताओं को पूरा करना। छात्रों को प्रकाशिकीय इलेक्ट्रोनिकी, लेन्स अभिकल्पना, प्रकाशिक संविरचन व अनुकूलनी प्रकाशिकी में प्रशिक्षित किया जाएगा।

  (विस्तृत पाठ्यक्रम के लिए https://www.iist.ac.in/academics/curricula देखें)

## 8. वर्ष 2025 में स्नातक कार्यक्रम के लिए सीट मैट्रिक्स

**तालिका 8-1: 2025 का स्नातक और दोहरी उपाधि कार्यक्रम**

| शाखा | सामान्य/ओबीसी (एनसीएल)/एससी/एसटी | ईडब्ल्यूएस* | महिला*** | पीएमएसएस** | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| वांतरिक्ष इंजीनियरी | 60 | 6 | 6 | 3 | 75 |
| इलक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी (एविओनिकी) | 60 | 6 | 6 | 3 | 75 |
| कंप्यूर विज्ञान एवं इंजीनियरी (डेटा विज्ञान) | 30 | 3 | 3 | 0 | 36 |
| दोहरी उपाधि | 20 | 2 | 2 | 0 | 24 |
| कुल | 170 | 17 | 17 | 06 | 210 |

**<u>महत्वपूर्ण टिप्पणी :</u>**

(i) *: शैक्षिक वर्ष 2019 की शुरुआत से, हाल ही में प्राप्त निर्देश के अनुसार, वांतरिक्ष इंजीनियरी, इलेक्ट्रॉनिकी एवं संचार इंजीनियरी और दोहरी उपाधि की शाखाओं में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए क्रमशः 6 (छह), 6 (छह), 3(तीन) और 2 (दो) सीटों (170 का 10%) का आरक्षण कार्यान्वित किया गया है।

(ii) **: शैक्षिक वर्ष 2020 की शुरूआत से, एआईसीटीई से हाल ही में प्राप्त निर्देश के अनुसार वांतरिक्ष इंजीनियरी, इलक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी की शाखाओं में जम्मु एवं कश्मीर के छात्रों के लिए प्रधानमंत्री की विशेष छात्रवृत्ति योजना के अधीन अधिसंख्य सीटें दी जा रही है। इस श्रेणी के तहत चयन एआईसीटीई के पीएमएसएसएस सेल द्वारा आईआईएसटी के निर्धारित न्यूनतम पात्रता मानदंड का पालन करते हुए किया जाएगा। (विविरणिका का भाग 13 देंखें)

(iii) *** महिला अधिसंख्याः आई आई एस टी में लड़कों और लड़कियों के अनुपात को बनाए रखने के लिए 10% अतिरिक्त सीटें केवल महिला उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं।

(iv) दोहरी उपाधि कार्यक्रम 5 साल (10 सत्रक) का कार्यक्रम है। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक समाप्त करने पर छात्रों को इंजीनियरी भौतिकी में बी. टेक. की उपाधि के साथ निम्नलिखित चार स्नातकोत्तर शाखाओं में से किसी एक में विज्ञान निष्णात / एम. टेक. की उपाधि प्रदान की जाती है :

- **i.** खगोल विज्ञान एवं खगोल भौतिकी में विज्ञान निष्णात
- **ii.** ठोस अवस्था भौतिकी में विज्ञान निष्णात
- **iii.** पृथ्वी तंत्र विज्ञान में एम. टेक.
- **iv.** प्रकाशिक इंजीनियरी में एम. टेक

छात्रों को छठे सत्रक के अंत में उनकी वरीयता और छठे सत्रक तक के शैक्षिक निष्पादन के आधार पर स्नातकोत्तर शाखाएं आबंटित की जाएगी। प्रत्येक शाखाओं के लिए सीट की सूचना छठे सेमेस्टर के दौरान छात्रों को दी जाएगी।

**इंजीनियरी भौतिकी में बी. टेक. उपाधि के साथ निकास का विकल्प नहीं है।** फिर भी, शैक्षिक निष्पादन के आधार पर निदेशक, आईआईएसटी को यह निर्णय लेने का अधिकार है कि जिन छात्रों का स्नातकोत्तर स्तर पर निष्पादन असंतोषजनक है, उनको कक्षोन्नति न दें । विभाग द्वारा निर्दिष्ट और शैक्षिक परिषद एवं आईआईएसटी प्रबंधन बोर्ड द्वारा अनुमोदित मानदंडों के आधार पर ऐसे छात्रों को इंजीनियरी भौतिकी में बी. टेक. उपाधि के साथ निकास करने का अनुमति दी जाती है ।

## 9. सीट आरक्षण

केंद्रीय शैक्षिक संस्थानों (सीईआई) के लिए लागू भारत सरकार की आरक्षण नीति के अनुसार, निम्नलिखित वर्गों से संबंधित उम्मीदवारों को लचीले मानदंडों के आधार पर आरक्षित सीटों पर प्रवेश दिया जाता है। आरक्षण की श्रेणियां और संबंधित प्रतिशत इस प्रकार हैं:

- अनुसूचित जाति (एससी): 15%
- अनुसूचित जनजाति (एसटी): 7.5%
- नॉन-क्रीमी लेयर (एन सी एल ) से संबंधित अन्य पिछडे वर्ग (ओ बी सी ): 27%
- शारीरिक रूप से अपंग व्यक्ति (पीडी): 5% (समस्तरीय आरक्षण)
- आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई डब्ल्यू एस): नीचे बताए गए अनुसार ।

शैक्षिक वर्ष 2019 की शुरुआत से और हाल ही में प्राप्त निर्देश के अनुसार, वांतरिक्ष इंजीनियरी, इलेक्ट्रॉनिकी एवं संचार इंजीनियरी और दोहरी उपाधि की शाखाओं में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए 6 (छह), 6 (छह), और 2 (दो) सीटें (140 का 10%) क्रमशः आरक्षित हैं । आईआईएसटी में स्नातक प्रवेश के लिए **केवल** उपरोक्त सूचीबद्ध श्रेणियां ही आरक्षण श्रेणियां हैं। स्नातक प्रवेश 2025 के लिए प्रत्येक श्रेणी के अनुसार सीट मैट्रिक्स तालिका 9 - 1 में दिखाया गया है।

महिला अधिसंख्याः लड़कों और लड़कियों के अनुपात को बनाए रखने के लिए, 10% अतिरिक्त सीटें केवल महिला उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं। स्नातक प्रवेश 2025 के लिए महिला अधिसंख्य का सीट मैट्रिक्स तालिका 9 - 2 में दिखाया गया है।

**9.1 महत्वपूर्ण टिप्पणी :**

*(i) **ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारः***

ईडब्ल्यूएस वर्ग के तहत आवेदन करने वाले योग्य उम्मीदवारों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ईडब्ल्यूएस का मूल प्रमाणपत्र निर्धारित प्ररूप **परिशिष्ट -I** में प्रस्तुत करना होगा। **किसी भी अन्य प्रारूप के प्रमाण पत्रों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।** मूल प्रमाणपत्र निर्दिष्ट रिपोर्टिंग केंद्रों में सत्यापन के समय प्रस्तुत करना होगा । ऐसा न करने पर ईडब्ल्यूएस वर्ग के तहत प्रवेश के लिए उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

*(ii) **अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार:***

अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति वर्गों के उम्मीदवारों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अ. जा./ अ.ज.जा. का मूल प्रमाण पत्र निर्धारित प्रारूप ( **परिशिष्ट- II**) में प्रस्तुत करना होगा। **किसी भी अन्य प्रारूप के प्रमाण पत्रों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।** प्रलेखों की मूल प्रति निर्दिष्ट रिपोर्टिंग केंद्रों में सत्यापन के समय प्रस्तुत करनी होगी। अन्यथा उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। अनुसूचित जनजाति वर्ग के तहत रिक्त सीटों को अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों को आवंटित किया जाएगा। अन ुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्गों के तहत रिक्त सीटें अन्य किसी वर्ग के आवेदकों से भरी नहीं जाएंगी ।

***(iii) ओबीसी-एनसीएल उम्मीदवार:***

अन्य पिछड़े वर्ग – नॉन क्रीमी लेयर वर्ग के तहत आरक्षण का लाभ सिर्फ उन्हीं जातियों / जनजातियों को दिया जाएगा जो भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हैं और जिनको कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा प्रकाशित केंद्रीय सूची में शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त, उम्मीदवार को भारत सरकार द्वारा परिभाषित नॉन क्रीमी लेयर की स्थिति को भी पूरा करना होगा। इस वर्ग के तहत रिक्त सीटों को सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों को आवंटित किया जाएगा।

आरक्षण का लाभ उठाने वाले अन्य पिछड़े वर्ग – नॉन क्रीमी लेयर वर्ग के उम्मीदवारों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे सक्षम प्राधिकारी द्वारा **1 अप्रैल, 2025 को या उसके बाद जारी मूल प्रमाण पत्र** निर्धारित प्ररूप **(परिशिष्ट -III)** में प्रस्तुत करना होगा । **किसी भी अन्य प्रारूप के प्रमाण पत्रों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।** मूल प्रमाणपत्र निर्दिष्ट रिपोर्टिंग केंद्रों में सत्यापन के समय प्रस्तुत करना होगा । ऐसा न करने पर अन्य पिछड़े वर्ग – नॉन क्रीमी लेयर वर्ग के तहत प्रवेश के लिए उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा। अन्य पिछड़े वर्ग – नॉन क्रीमी लेयर वर्ग से संबंधित उम्मीदवारों को भी परिशिष्ट - IV में दिए गए प्रारूप में एक घोषणा / शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा ।

*(iv)* **शारीरिक रूप से अपंग उम्मीदवार***:*

शारीरिक रूप से अपंग उम्मीदवारों को 5% सीटें आरक्षित (समस्तरीय आरक्षण) हैं। आरक्षण का लाभ केवल उन्हीं को दिया जाएगा **जिन्हें कम से कम 40% की शारीरिक अपंगता हो**। इस वर्ग के तहत लाभ उठाने वाले उम्मीदवारों को **जिला चिकित्सा बोर्ड / सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी मूल पत्रों** को निर्दिष्ट रिपोर्टिंग केंद्रों में सत्यापन के समय प्रस्तुत करना होगा। ऐसा न करने पर शारीरिक रूप से अपंग वर्ग के तहत प्रवेश के लिए उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

### तालिका 9-1 : श्रेणी वार सीट मैट्रिक्स

| शैक्षिक कार्यक्रम | सामान्य | ओबीसी (एनसीएल) | एससी | एसटी | कुल | ईडब्ल्यूएस* | पीएमएसएस ** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वांतरिक्ष इंजीनियरी | 30 (1) | 16 (1) | 9 | 5 (1) | 60 | 6 | 3 |
| इलक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी(एविओनिकी) | 30 (1) | 16 (1) | 9 (1) | 5 | 60 | 6 | 3 |
| कंप्यूर विज्ञान एवं इंजीनियरी (डेटा विज्ञान) | 15(1) | 8(1) | 5 | 2 | 30 | 3 | 0 |
| दोहरी उपाधि | 10 (1) | 6 | 3 | 1 | 20 | 2 | 0 |
| **कुल** | 85 | 46 | 26 | 13 | 170 | 17 | 6 |

### तालिका 9-2 महिला अधिसंख्या ****सीट मैट्रिक्स

| | सामान्य | ओबीसी | एससी | एसटी | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| वांतरिक्ष इंजीनियरी | 3 | 2 | 0 | 1 | 6 |
| इलक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी (एविओनिकी) | 3 | 2 | 1 | 0 | 6 |
| कंप्यूर विज्ञान एवं इंजीनियरी (डेटा विज्ञान) | 2 (1) | 1 | 0 | 0 | 3 |
| दोहरी उपाधि | 1(1) | 0 | 1 | 0 | 2 |
| **कुल** | 9 | 5 | 2 | 1 | 17 |

**महत्वपूर्ण टिप्पणीः**

(1) कोष्ठक में दी गई संख्या यह दिखाती है कि इसमें एक दिव्यांग आवेदक शामिल है।

(2) *,** एवं ***: तालिका 9.1 में दी गई महत्वपूर्ण टिप्पणियों का संदर्भ लें।

## 10. सत्रक शुल्क संरचना

शैक्षिक वर्ष 2025-26 से प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए स्नातक एवं दोहरी उपाधि शुल्क संरचना **तालिका 10-1** में प्रदान की गई है।

**तालिका 10-1 स्नातक कार्यक्रम के लिए शुल्क संरचना का विवरण**

| **शुल्क का विवरण** | **राशि (in Rs.)** |
|---|---|
| **एकमुश्त शुल्क** | |
| प्रवेश शुल्क (वापस नहीं दिया जाएगा) | 500 |
| परिसर विकास शुल्क | 1000 |
| संस्थान एवं पुस्तकालय जमा (वापस दिया जाएगा) | 5000 |
| पूर्वछात्र शुल्क[1] | 500 |
| दीक्षांत एवं उपाधि शुल्क[1] | 2000 |
| **कुल** | **9000** |
| **सेमस्टर शुल्क** | |
| ट्यूशन शुल्क[2] | 62500 |
| कंप्यूटर शुल्क | 750 |
| इंटरनेट शुल्क | 250 |
| पुस्तकालय शुल्क | 1000 |
| परीक्षा शुल्क | 500 |
| पंजीकरण एवं नामांकन शुल्क | 200 |
| सांस्कृतिक शुल्क | 500 |
| खेलकुद सुविधा शुल्क | 250 |
| चिकित्सा एवं बीमा शुल्क | 2000 |
| **कुल** | **67950** |
| **होस्टल एवं मेस शुल्क प्रति सेमस्टर** | |
| होस्टल स्थापना प्रभार | 5000 |
| होस्टल किराया | 3000 |
| विद्युत एवं जल प्रभार | 750 |
| पांच महीनों के लिए मेस सेमस्टर (अग्रिम) प्रभार | 15000 |
| वैकल्पिकः दीर्घावकाश मेस प्रभार (प्रति महीना) | 3000 |
| **दीर्घावकाश मेस प्रभार के बिना कुल** | **23750** |
| **प्रवेश के समय कुल योग** | **98200** |
| **हर सेमस्टर कुल योग** | **91700** |

1. अंतिम सत्रक शुल्क के साथ एकत्रित किया जाएगा।
2. ट्यूशन शुल्क
    - क. अनारक्षित/ईडब्ल्यूएस/ ओबीसी- एनसीएल मातापिता का वार्षिक आय > पाँच लाख : ट्यूशन शुल्क - ₹62500.00
    - ख. अनारक्षित/ईडब्ल्यूएस/ ओबीसी- एनसीएल मातापिता का वार्षिक आय ≤ ₹. पाँच लाख: टयूशन शुल्क - ₹20850.00
    - ग. अनारक्षित/ईडब्ल्यूएस/ ओबीसी- एनसीएल मातापिता का वार्षिक आय <₹एक लाख: टयूशन शुल्क – शून्य
    - घ. एस सी / एस टी / पी डी : टयूशन शुल्क नहीं है।

उपर्युक्त तालिका के अनुसार अनारक्षित/ईब्ल्यूएस/ओबीसी एनसीएल श्रेणियों के लिए ट्यूशन शुल्क में छूट मातापिता की वार्षिक आय के सत्यापन के बाद लागू की जाएगी।

2. पूरक परीक्षा शुल्क : ₹100 प्रति पेपर

**<u>महत्वपूर्ण टिप्पणी :</u>**

(i) प्रथम सत्रक शुल्क का भुगतान प्रवेश प्रक्रिया के दौरान आवंटित सीट स्वीकार करते समय ऑनलाइन ट्रांसफर के माध्यम से किया जाना है। शेष सत्रकों के लिए शुल्क का भुगतान अधिसूचित तिथि से पहले प्रत्येक सत्रक की शुरुआत में किया जाना चाहिए।

(ii) प्रवेश के समय प्रेषित राशि

- सामान्य/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस ₹20,700/- (एक मुश्त शुल्क (दीक्षांत समारोह + पूर्व छात्र) + (सत्रक शुल्क – ट्यूशन शुल्क) + होस्टल स्थापना प्रभार + होस्टल किराया + विद्युत प्रभार
- अनु. जा/अनु. ज. जा./दिव्यांगः ₹20,700/-

(iii) संस्थान में अध्ययन आरंभ करते वक्त शेष राशि का भुगतान करना होगा।

(iv) भोजन सहित होस्टल प्रभार केवल सत्रक की शैक्षिक अवधि के लिए लागू होते हैं और इसलिए दीर्घावकाश के दौरान हुई खर्चों को शामिल नहीं किया जाएगा । लेकिन छठे सत्रक के अंत में छात्रों के ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षुता कार्यक्रम के समय यह प्रभार लागू है ।

(v) ट्यूशन शुल्क के सिवाए, अन्य मदों पर संशोधन हो सकता है, लेकिन किसी भी संशोधन के बारे में पहले ही सूचित कर दिया जाएगा।

## 11. मेधा छात्रवृत्ति

क. वर्ष 2025 – 26 में (स्नातक/दोहरी उपाधि) प्रवेश पाने वाले पांच मेधावी छात्र प्रथम वर्ष के लिए पूर्ण रूप से शुल्क माफ़ी के लिए हकदार होंगे, जिन्होंने जेईई प्रगत परीक्षा 2025 में 1000 तक का AIR (अखिल भारतीय रैंक) प्राप्त किया है। हालांकि उन्हें बाद के वर्ष के लिए पूर्ण रूप से शुल्क माफी के लिए प्रत्येक वर्ष के अंत में 10 पॉइन्ट स्केल में 9.0 एवं उससे ऊपर का सीजीपीए बनाए रखना होगा।

ख. वर्ष 2025 – 26 में (स्नातक/दोहरी उपाधि) में प्रवेश पाने वाले जो छात्र **निर्दिष्ट सेमस्टर में** 10 पॉइन्ट स्केल में 9.0 एवं उससे ऊपर का सीजीपीए प्राप्त करते हैं, उन्हें अगले सत्रक में ट्यूशन शुल्क में 50 प्रतिशत की माफी मिलेगी। प्रत्येक कार्यक्रम में शुल्क माफी पाने वालों की संख्या प्रवेश प्राप्त छात्रों के दस प्रतिशत तक सीमित होगी।

## 12. इसरो/अंतरिक्ष विभाग आमेलन नीति

इसरो/अंतरिक्ष विभाग द्वारा विविध विशेषज्ञताओं में अधिसूचित रिक्तियों के आधार पर स्नातक और दोहरी उपाधि (बी.टेक. वांतरिक्ष, बी. टेक. इलक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी (एविओनिकी) तथा खगोल विज्ञान एवं खगोल भौतिकी, पृथ्वी तंत्र विज्ञान, ठोस अवस्था भौतिकी एवं प्रकाशिक इंजीनियरी में दोहरी उपाधि) छात्र वैज्ञानिक/इंजीनियरी – एससी के पद पर भर्ती के लिए पात्र होंगे, बशर्ते कि **सभी श्रेणियों** के छात्रों के लिए लागू निम्नलिखित शर्तों को पूरा करें।

i. जो छात्र छठे सेमस्टर (बी.टेक)/आठवें सेमस्टर (दोहरी उपाधि) के अंत में 10 पाइन्ट स्केल में 7.0 या उससे ऊपर का सीजीपीए प्राप्त करते हैं, वे इसरो मुख्यालय द्वारा आयोजित नौकरी स्थानन साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए पात्र होंगे।
ii. इसरो विशेषज्ञ समिति द्वारा पात्र उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया जाएगा और पैनल सूची तदनुसार तैयार की जाएगी।
iii. केंद्रों/यूनिटों में उम्मीदवारों की तैनाती संबंधी सूचना इससे मुख्यालय द्वारा दी जाएगी।
iv. छात्रों को बी.टेक. और दोहरी उपाधि कार्यक्रमों के अंत में 10 पाइन्ट स्केल में न्यूनतम 7.5 क्युमुलेटिव ग्रेड पाइन्ट ऐवरेज (सीजीपीए) प्राप्त करना होगा तथा प्रस्ताव पत्र जारी करने के लिए पात्र होने हेतु क्रमशः 4 (चार) एवं 5 पांच (वर्षों) में बी. टेक. और दोहरी उपाधि कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करना होगा।
v. छात्रों को इसरो के मानदंडों के अनुसार पूरी तरह से स्वस्थ होना आवश्यक है।

*कंप्यूर विज्ञान एवं इंजीनियरी (डेटा विज्ञान) में शुरू होने वाले नए बी.टेक कार्यक्रम के लिए इसरो/डोस में आमेलन उनके अनुमोदन के अधीन है।*

## 13. प्रवेश के लिए पात्रता

जो उम्मीदवार आईआईएसटी में प्रवेश पाने के लिए इच्छुक हैं उन्हें नीचे दिए गए **सभी** पात्रता मानदंडों को पूरा करना होगा।

**1. नागरिकता :** भारतीय नागरिक ही आईआईएसटी में प्रवेश पाने के लिए आवेदन दे सकता है।

**2. प्रवासी भारतीय नागरिक (ओसीआई)/भारतीय मूल के व्यक्ति (पीआईओ) कार्ड धारकों के लिए पात्रता मानदंड** निम्नानुसार हैं:

- जिन उम्मीदवारों के पास ओसीआई/पीआईओ कार्ड है, वे यूजी कार्यक्रम के लिए आवेदन कर सकते हैं।
- ओसीआई/पीआईओ कार्ड रखने वाले उम्मीदवारों का चयन जेईई (एडवांस्ड) 2025 परीक्षा पर आधारित होगा और उम्मीदवारों को केवल सामान्य श्रेणी में ही माना जाएगा।
- जिन उम्मीदवारों के पास ओसीआई/पीआईओ कार्ड है, उन्हें शुल्क की पूरी राशि का भुगतान करना होगा जिसमें एकमुश्त शुल्क, सेमेस्टर शुल्क और छात्रावास और मेस शुल्क शामिल हैं।
- भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार, केवल भारतीय नागरिकों को ही भारत सरकार की नौकरियों के लिए नियुक्त किया जा सकता है। इसलिए, आईआईएसटी से बी.टेक की उपाधि और दोहरी उपाधि प्राप्त छात्र और जिनके पास ओसीआई/पीआईओ कार्ड है, वे इसरो/अंतरिक्ष विभाग आमेलन के लिए पात्र नहीं होंगे।

**3.जन्म तिथि :** सामान्य वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग या अन्य पिछड़े वर्ग – एन सी एल वर्ग के उम्मीदवारों की जन्म तिथि **1 अक्टूबर 2000 को या उसके बाद की** होनी चाहिए। अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति और शारीरिक अपंगता से संबंधित वर्गों के आवेदकों की जन्म तिथि **1 अक्टूबर 1995 को या उसके बाद** की होनी चाहिए।

उच्च विद्यालय/ प्रथम बोर्ड या समतुल्य प्रमाण पत्र में अभिलिखित जन्म तिथि को ही स्वीकार किया जाएगा। यदि प्रमाण पत्र में जन्म तिथि का उल्लेख न हो तो उम्मीदवारों को सीट स्वीकार करते समय सक्षम प्राधिकारी से जन्म तिथि का उल्लेख करते हुए प्रामाणिक प्रलेख प्रस्तुत करना चाहिए।

**4.योग्यता परीक्षाओं में अपेक्षित न्यूनतम अंकः**

उम्मीदवारों को बारहवीं कक्षा (या समकक्ष - योग्यता परीक्षाओं की सूची के लिए नीचे देखें) बोर्ड परीक्षा में कम से कम 75% कुल अंक प्राप्त करने चाहिए। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांग वर्ग के उम्मीदवार के लिए कुल अंक कम से कम 65% होने चाहिए। कुल अंक का आकलन करने के लिए निम्नलिखित पांच विषयों में प्राप्त अंकों पर विचार किया जाएगा:

- भौतिकी
- रसायन विज्ञान
- गणित
- एक भाषा (यदि उम्मीदवार ने एक से अधिक भाषाएं ली हैं, तो उस भाषा पर विचार किया जाएगा जिसमें उच्चतम अंक हैं)
- उपरोक्त चार के अलावा कोई इतर विषय (उस विषय पर विचार किया जाएगा जिसमें उच्चतम अंक हैं)

**5. महत्वपूर्ण टिप्पणियां:**

i. कुल अंकों की गणना के लिए, यदि किसी विषय में दिया गया अंक 100 में नहीं है, तो अंक को 100 तक बढ़ाया जाएगा ताकि कुल अंक 500 में हो।

ii. यदि कोई बोर्ड ग्रेड शीट पर अंकों का बराबर प्रतिशत प्रदान किए बिना केवल अंक ग्रेड प्रदान करता है, तो उम्मीदवार को समकक्ष अंकों को निर्दिष्ट करते हुए बोर्ड से एक प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहिए और प्रवेश के समय इसे जमा करना चाहिए।

iii. उन उम्मीदवारों के लिए जो 2024 में बारहवीं कक्षा (या समकक्ष) बोर्ड परीक्षा में उपस्थित हुए थे, लेकिन 2025 में फिर से उपस्थित हुए, दो प्रदर्शनों में से सर्वश्रेष्ठ माना जाएगा।

iv. यदि कोई बोर्ड कक्षा XI और कक्षा XII दोनों परीक्षाओं (10 + 2 प्रणाली में) पर विचार करते हुए कुल अंक देता है, तो केवल कक्षा XII के अंकों पर विचार किया जाएगा।

v. यदि कोई बोर्ड व्यक्तिगत विषयों में प्राप्त अंक नहीं देता है, लेकिन केवल कुल अंक देता है, तो बोर्ड द्वारा दिए गए कुल अंकों को उसी प्रकार माना जाएगा।

vi. यदि कोई उम्मीदवार 2024 में बारहवीं कक्षा (या समकक्ष) उत्तीर्ण करता है, लेकिन सुधार या किसी अन्य कारण से 2025 में आवश्यक विषयों (ऊपर उल्लिखित) में से कोई भी लिखता है, तो कुल प्रतिशत की गणना आवश्यक विषयों में दो प्रदर्शनों में से सर्वश्रेष्ठ पर विचार करके की जाएगी।

vii. किसी भी अन्य मामलों के लिए, आईआईएसटी प्रवेश समिति द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम माना जाएगा।

**6. योग्यता परीक्षाओं की सूचीः** निम्नलिखित में से कोई एक योग्यता परीक्षा के रूप में स्वीकार की जाएगी ।

- किसी भी मान्यता प्राप्त केंद्र / राज्य बोर्ड जैसे केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई), नई दिल्ली, कौन्सिल फ़ॉर इन्ड्यन स्कूल सर्टिफिकेट एग्ज़ामिनेशन (आईएससीई), नई दिल्ली आदि द्वारा आयोजित 10+2 प्रणाली की अंतिम परीक्षा।
- मान्यता प्राप्त बोर्ड/ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट या दो वर्ष की प्री यूनिवर्सिटी परीक्षा
- राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के जोइन्ट सर्वीसस विंग के दो वर्ष के पाठ्यक्रम की अंतिम परीक्षा
- राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय द्वारा न्यूनतम पाँच विषयों के साथ आयोजित वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परीक्षा

- भारत में या किसी विदेशी देश के किसी पब्लिक स्कूल / बोर्ड/ विश्वविद्यालय परीक्षा जो भारतीय विश्वविद्यालय संघ के 10+2 प्रणाली के समतुल्य के रूप में मान्यता प्राप्त हो।
- व्यावसायिक उच्चतर माध्यमिक परीक्षा
- प्रगत स्तर पर जनरल सर्टिफिकेट एड्यूकेशन ( जे सी ई) परीक्षा (लंदन / कैमब्रिज/ श्रीलंका)
- कैमब्रिज विश्वविद्यालय के हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा या अंतर्राष्ट्रीय बैकलॉरिइट कार्यालय,जनीवा के अंतर्राष्ट्रीय बैकलॉरिइट डिप्लोमा संबंधित योग्यता प्रमाण पत्र।

यदि संबंधित योग्यता परीक्षा एक सार्वजनिक परीक्षा नहीं है, तो उम्मीदवार को पहले स्तर पर कम से कम एक सार्वजनिक (बोर्ड या प्री-यूनिवर्सिटी) परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी।

## 7. जेईई (एडवांस्ड) 2025 परीक्षा में अपेक्षित न्यूनतम अंक

उम्मीदवारों को राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित **संयुक्त प्रवेश परीक्षा (मुख्य)** - 2025 परीक्षा देनी होगी, ताकि वे आईआईटी द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा (एडवांस्ड) - 2025 के लिए अर्हता प्राप्त कर सकें और तालिका 13 - 1 एवं तालिका 13 – 2 में बताए गए न्यूनतम निर्धारित अंक प्राप्त कर सकें।

**तालिका** 13-1 : **संयुक्त प्रवेश परीक्षा ( एडवांस्ड ) – 2025 में अपेक्षित न्यूनतम अंक**

| **क्रम सं.** | **प्रवर्ग** | **न्यूनतम अंक** |
|---|---|---|
| 1 | सामान्य | कुल मिलाकर 20 प्रतिशत अंक एवं प्रत्येक विषयों (भौतिकी, रसायन एवं गणित) में 5 प्रतिशत अंक |
| 2 | ईडब्ल्यूएस/ओबीसी-एनसीएल | कुल मिलाकर 18 प्रतिशत अंक एवं प्रत्येक विषयों (भौतिकी, रसायन एवं गणित) में 4.5 प्रतिशत अंक |
| 3 | एससी/एसटी/पीडी | कुल मिलाकर 10 प्रतिशत अंक एवं प्रत्येक विषयों (भौतिकी, रसायन एवं गणित) में 2.5 प्रतिशत अंक |

**तालिका** 13-2 : **संयुक्त प्रवेश परीक्षा ( एडवांस्ड ) – 2025 में अपेक्षित न्यूनतम अंक**

| **जेईई ( एडवांस्ड ) 2025 में आईआईएसटी कट-ऑफ अंक** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| वर्ग | भौतिकी | रसायन | गणित | कुल |
| सामान्य | 6 | 6 | 6 | 72 |
| ईडब्ल्यूएस/ओबीसी-एनसीएल | 5 | 5 | 5 | 65 |
| एससी/एसटी/पीडी | 3 | 3 | 3 | 36 |

## 14.महत्वपूर्ण तिथियाँ

**स्नातक प्रवेश 2025** की महत्वपूर्ण तिथियां तालिका 14-1 में है।

**तालिका 14-1 : स्नातक प्रवेश 2025 की महत्वपूर्ण तिथियां**

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन पंजीकरण खुलने एवं शाखा वरीयताएं भरने की तारीख | मंगलवार, मई 27, 2025, 10:00 घंटे |
| ऑनलाइन पंजीकरण खुले रहने की अंतिम तिथि | सोमवार, जून 9, 2025, 23:59 घंटे |
| आईआईएसटी प्रवेश रैंक सूची का प्रकाशन | बुधवार जून 11, 2025, 17:00 घंटे |
| शाखा वारीयताओं का संशोधन करने की अंतिम तिथि | गुरुवार, जून 12, 2025, 17:00 घंटे |
| सीट आवंटन/स्वीकृति दौर | शुक्रवार, जुन 13, 2025 से शुरू होकर जुलाई 03, 2025 तक निर्धारित है। |
| आईआईएसटी में प्रवेश | सोमवार, जुलाई 21, 2025, (रिपोर्टिंग समय :10:00 घंटे) |
| स्पोट प्रवेश (ऑनलाइन) सूचना, यदि आवश्यक हो तो, (रिक्तियां होने की स्थिति में) | शुक्रवार, जुलाई 04, 2025, 14:00 घंटे |
| स्पोट प्रवेश (ऑनलाइन) पंजीकरण, यदि आवश्यक हो तो, (यह केवल सीट आवंटन के आखिरी दौर के बाद प्रतीक्षा सूची के शेष उम्मीदवारों के लिए लागू होगा) | शनिवार, जुलाई 05, 2025, 09:00 घंटे से जुलाई 09, 2025, 23:59 घंटे तक |
| स्पोट प्रवेश (ऑनलाइन), यदि आवश्यक हो तो, (यह केवल सीट आवंटन के आखिरी दौर के बाद प्रतीक्षा सूची के शेष उम्मीदवारों के लिए लागू होगा) | गरुवार, जुलाई 10, 2025 - शुक्रवार, जुलाई 18, 2025 |
| प्रवेश समाप्त होने की तिथि | सोमवार, जुलाई 21, 2025 |
| समावेशन कार्यक्रम | सोमवार, जुलाई 21, 2025 – शुक्रवार, अगस्त 01,2025 तक |
| कक्षाओं का प्रारंभ | सोमवार, अगस्त 04, 2025 |

**महत्वपूर्ण टिप्पणियां:**

i. उपरोक्त तिथियां संभाव्य हैं। तिथियों में परिवर्तन होने पर उसे आईआईएसटी प्रवेश वेबसाइट पर अधिसूचित किया जाएगा। उम्मीदवारों को नियमित रूप से वेबसाइट देखने की सलाह दी जाती है।

## 15. ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया

आईआईएसटी में स्नातक एवं दोहरी उपाधि कार्यक्रमों में प्रवेश पाने के इच्छुक उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन पोर्टल (http://admission.iist.ac.in) में पंजीकरण करते हुए आईआईएसटी में प्रवेश हेतु अलग से आवेदन देना चाहिए और नीचे दिए गए चरणों का पालन करना चाहिए :

**(1) पंजीकरण:**

ऑनलाइन आवेदन पोर्टल (http://admission.iist.ac.in) पर जाएं और **स्नातक प्रवेश -2025** का लिंक चुनें। दिए गए निर्देशों का पालन करें और सभी विवरण दें । जिन उम्मीदवारों ने सफलतापूर्वक पंजीकरण किया है, उनको सिस्टम द्वारा जनित आईआईएसटी पंजीकरण संख्या दी जाएगी। उम्मीदवारों को एक पासवर्ड निर्दिष्ट करना होगा । किसी भी दुरुपयोग से बचने के लिए पासवर्ड सुरक्षित रखना उम्मीदवार की जिम्मेदारी होगी।

**उम्मीदवारों को वही तस्वीर की सॉफ्ट कॉपी अपलोड करनी होगी जिसका उन्होंने जेईई (प्रगत) 2025 पंजीकरण के लिए उपयोग किया है।**

**उम्मीदवारों को यह सलाह दी जाती है कि पंजीकरण करने से पहले भाग 13 में दिए गए विस्तृत पात्रता मानदंडों को ध्यान से पढ़ें।**

**(2) पंजीकरण शुल्क भुगतान:**

पंजीकरण शुल्क का भुगतान **केवल** ई-भुगतान मोड के माध्यम से होता है और यह ऑनलाइन आवेदन पोर्टल (http://admission.iist.ac.in) पर जाकर और PAY REGISTRATION FEE लिंक पर क्लिक करके किया जाना चाहिए। भुगतान की रसीद की पुष्टि पंजीकृत ई-मेल और मोबाइल नंबर के माध्यम से की जाएगी। पंजीकरण शुल्क वापस नहीं दिया जाएगा और विभिन्न श्रेणियों के लिए विस्तृत रूप से तालिका 15-1 में है।

**तालिका 15-1: पंजीकरण शुल्क**

| क्रम. सं. | प्रवर्ग | राशि (INR) |
|---|---|---|
| 1. | सामान्य/ईडब्ल्यूएस/ओबीसी-एनसीएल के पुरुष उम्मीदवार | 1000 |
| 2. | सामान्य/ईडब्ल्यूएस/ओबीसी-एनसीएल के महिला उम्मीदवार | 500 |
| 3. | एससी/एसटी/पीडी के उम्मीदवार | 500 |

**(3) आईआईएसटी प्रवेश रैंक सूची का प्रकाशन:**

- **केवल** उन्हीं पात्र उम्मीदवारों के लिए श्रेणीगत आईआईएसटी प्रवेश रैंक सूची जनित की जाएगी जिन्होंने आईआईएसटी में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीकरण किया हो और पंजीकरण शुल्क का भुगतान किया हो।
- जेईई (प्रगत) 2025 में प्राप्त अंकों के आधार पर ही आईआईएसटी प्रवेश रैंक सूची तैयार की जाएगी बशर्ते कि उम्मीदवारों को तालिका 13.1 एवं 13.2 में निर्धारित न्यूनतम अंक प्राप्त करना होगा।
- बराबर की कुल अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों के बीच टाई को अवरोही क्रम में एक एक करके नीचे बताई गई प्रक्रियानुसार हल किया जाएगा।
  - जिस आवेदक ने गणित में उच्चतर अंक प्राप्त किया है, उसको उच्चतर रैंक दी जाएगी।
  - यदि इससे भी टाई नहीं टूटा, तो जिस आवेदक ने भौतिकी में उच्चतर अंक प्राप्त किया है उसको उच्चतर रैंक दी जाएगी।
  - यदि इसके बाद भी अंक बराबर रहता है तो जिस आवेदक ने संबंधित वर्ग में जेईई (मुख्य) 2025 में उच्चतर रैंक प्राप्त किया है, उसको उच्चतर रैंक दी जाएगी।
- गत तीन सोलों के आईआईएसटी के यूजी प्रवेश का आंकडा तालिका 15-2 में दिए गए हैं

**तालिका 15-2 : आईआईएसटी स्नातक प्रवेश सांख्यिकी:**
**2024, 2023 और 2022 के जेईई (प्रगत) अंक का प्रारंभिक और समापन प्रतिशतता**

2024 के जेईई (प्रगत) अंक का प्रारंभिक और समापन प्रतिशतता

| श्रेणी | बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (बी.टेक) | | | | दोहरी उपाधि (बी.टेक + विज्ञान निष्णात / एम.टेक | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | वांतरिक्ष इंजीनियरी | | इलक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी | | | |
| सामान्य | 59.44 | 35.28 | 51.67 | 35.28 | 41.67 | 35.00 |
| ईडब्ल्यूएस | 35.28 | 32.22 | 34.44 | 32.50 | 33.89 | 32.22 |
| ओबीसी | 34.44 | 31.11 | 34.72 | 31.11 | 32.50 | 30.83 |
| एससी | 35.00 | 18.89 | 23.61 | 18.89 | 30.83 | 18.61 |
| एसटी | 18.33 | 16.11 | 17.78 | 16.11 | 16.67 | 16.67 |

2023 के जेईई (प्रगत) अंक का प्रारंभिक और समापन प्रतिशतता

| श्रेणी | बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (बी.टेक) | | | | दोहरी उपाधि (बी.टेक + विज्ञान निष्णात / एम.टेक | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | वांतरिक्ष इंजीनियरी | | इलक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी | | | |
| सामान्य | 39.17 | 29.44 | 38.89 | 28.06 | 57.22 | 29.44 |
| ईडब्ल्यूएस | 28.61 | 26.11 | 27.78 | 25.56 | 25.56 | 25.56 |
| ओबीसी | 28.33 | 23.89 | 26.94 | 24.17 | 27.22 | 23.89 |
| एससी | 20.83 | 15.83 | 19.72 | 14.44 | 16.11 | 15.28 |
| एसटी | 18.33 | 12.50 | 16.11 | 11.94 | 11.67 | 11.67 |

2022 के जेईई (प्रगत) अंक का प्रारंभिक और समापन प्रतिशतता

| श्रेणी | बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (बी.टेक) | | | | दोहरी उपाधि (बी.टेक + विज्ञान निष्णात / एम.टेक | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | वांतरिक्ष इंजीनियरी | | इलक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी | | | |
| | Open (%) | Close (%) | Open (%) | Close (%) | Open (%) | Close (%) |
| सामान्य | 53.61 | 21.39 | 29.44 | 20.83 | 31.94 | 19.72 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **ईडब्ल्यूएस** | 20.28 | 18.06 | 20.83 | 18.06 | 18.06 | 17.78 |
| **ओबीसी** | 20.28 | 17.50 | 20.28 | 17.22 | 18.61 | 17.22 |
| **एससी** | 18.89 | 11.67 | 13.89 | 11.39 | 10.83 | 10.28 |
| **एसटी** | 13.06 | 9.44 | 10.00 | 9.44 | 8.61 | 8.61 |

(4) **शाखा वरीयताएँ भरने से संबंधित विवरण :**

- जिन उम्मीदवारों का नाम आईआईएसटी प्रवेश रैंक सूची में दिखाई देते हैं, उन्हें पंजीकरण के समय स्नातक एवं दोहरी उपाधि कार्यक्रमों के लिए वरीयता के क्रम में अपनी पसंदीदा शाखा भरना होगा। शाखा वरीयता के बिना पंजीकरण **पूर्ण नहीं होगा**। शाखा वरीयता का संशोधन करने की अंतिम तिथि तालिका 14-1 में दी है।
- तालिका 14-1 में दी गई निर्दिष्ट तिथियों के बाद, वरीयताएं लॉक हो जाएंगी। **आगे पसंदीदा शाखा / वरीयता में कोई परिवर्तन नहीं होगा ।**
- उम्मीदवारों को अपनी रुचि के अनुसार शाखा चुनने की सलाह दी जाती है।
- **तीनों विकल्पों को भरना अनिवार्य नहीं है।**

**(5) सीट आबंटन / स्वीकृति दौर:**

- सीट आवंटन/स्वीकृति दौर से संबंधित विस्तृत अनुसूची वेबसाईट में अधिसूचित किया जाएगा।
- उपलब्ध रिक्तियों के आधार पर, उम्मीदवारों द्वारा भरी गई वरीयताओं के अनुसार योग्यता के क्रम में तीन शाखाओं में सीट आबंटन किया जाएगा।
- जो उम्मीदवार सीट आबंटन से संतुष्ट हैं, उन्हें FREEZE विकल्प चुनना होगा और सीट की स्वीकृति की पुष्टि करनी होगी।
- **जो उम्मीदवार FREEZE विकल्प चुनते हैं, उनकी उच्च वरीयताओं पर विचार नहीं किया जाएगा। उम्मीदवारों को यह विकल्प चुनने से पहले सुनिश्चित करने की सलाह दी जाती है।**
- यदि कोई उम्मीदवार अपनी उच्च वरीयताओं पर विचार किए जाने के साथ साथ अपनी आवंटित सीट की पुष्टि भी करना चाहे तो उन्हें SLIDE विकल्प चुनना होगा और सीट की स्वीकृति की पुष्टि करनी होगी।
- **उपलब्ध रिक्तियों के आधार पर और योग्यता के आधार पर, उम्मीदवारों द्वारा भरे गए वरीयता क्रम के अनुसार शाखा विकल्प स्वत: SLIDE UP हो जाएगा । इसका भी स्थगन आईआईएसटी में प्रवेश करने के बाद स्नातक प्रवेश -2025 के समापन तक होगा।**
- जो उम्मीदवार सीट आबंटन दौर के दौरान FREEZE या SLIDE विकल्पों का चयन करते हैं उनको नीचे दी गई प्रक्रिया का पालन करते हुए **सीट स्वीकार** करना होगा :
    - उम्मीदवारों को वेबसाइट में अधिसूचित की जाने वाली निर्दिष्ट तारीख / समय से पहले 20700 रुपये की प्रथम सत्रक शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करना होगा (शेष राशि आईआईएसटी में आने के बाद एकत्रित की जाएगी)। **यदि प्रथम सत्रक शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने में असफल हो जाए तो आवंटित सीट से वंचित हो जाएंगे और आगे की सीट आबंटन के लिए उम्मेदवार पर विचार नहीं किया जाएगा।**
    - उपरोक्त भुगतान **केवल** ई-भुगतान मोड के माध्यम से है और यह ऑनलाइन आवेदन पोर्टल (http://admission.iist.ac.in) पर जाकर और FIRST SEMESTER FEE लिंक पर क्लिक

करके किया जाना चाहिए। भुगतान की रसीद की पुष्टि पंजीकृत ई-मेल और मोबाइल नंबर के माध्यम से की जाएगी।

- उम्मीदवारों को वेबसाइट में अधिसूचित की जानी वाली विनिर्दिष्ट तारीख / समय से पहले निम्नलिखित प्रलेखों की स्कैन की गई प्रतिलिपियां अपलोड करनी होंगी ।

    - यदि जन्म तिथि का उल्लेख किया हो तो दसवीं कक्षा का प्रमाण पत्र या जन्म प्रमाण पत्र।
    - 12 वीं कक्षा (या समतुल्य परीक्षा) की अंक तालिकाएँ (**2024 और / या 2025** की परीक्षा में उपस्थित उम्मीदवारों के लिए)।
    - श्रेणी (ईडब्ल्यूएस / ओबीसी-एनसीएल / एससी / एसटी / पीडी) प्रमाण पत्र।
    - जिस संस्थान में आखिरी बार पढ़ाई की थी वहाँ से ट्रांस्फर प्रमाण पत्र
    - उम्मीदवार का आधार कार्ड

- UPLOAD DOCUMENTS लिंक पर क्लिक करके प्रलेख अपलोड किए जाने चाहिए।
- प्रलेखों का सत्यापन होने के बाद अनंतिम ADMIT CARD जनित किया जाएगा।
- सूचना मिलने पर उम्मीदवार ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल में लॉगिन करते हुए इसे डाउनलोड कर सकते हैं ।
- उम्मीदवारों को आईआईएसटी में अध्ययन आरंभ करते वक्त ADMIT CARD प्रस्तुत करना है।

● प्रकाशित प्रतीक्षा सूची में शामिल पंजीकृत उम्मीदवारों को सीट आवंटन के अगले दौर में विचार किए जाने के लिए किसी **पुन: वैधीकरण की आवश्यकता नहीं है।**

**(6) आरक्षित श्रेणी से सामान्य श्रेणी में सीट आवंटन शिफ्ट:**

- जिन उम्मीदवारों ने FREEZE विकल्प चुनते हुए आरक्षित श्रेणी के तहत आवंटित सीटों को स्वीकार किया है, श्रेणी से एवं सामान्य रैंक सूची से उनकी उच्चतम वरीयताएं हटा दी जाएगी। बाद के दौर में, उपलब्ध रिक्तियों के आधार पर, यदि वे सामान्य श्रेणी के तहत सीट प्राप्त करते है, तो उन्हें सामान्य श्रेणी में शिफ्ट कर दिया जाएगा और आरक्षित श्रेणी के तहत उनकी आवंटित सीट को खाली कर दी जाएगी।
- जिन उम्मीदवारों ने SLIDE विक्लप चुनते हुए आरक्षित श्रेणी के तहत आवंटित सीटों को स्वीकार किया है, दोनों श्रेणियों में एवं सामान्य रैंक सूची में उनकी उच्चतम वरीयताएं सुरक्षित रखी जाएगी। बाद के दौर में, उपलब्ध रिक्तियों के आधार पर, सीट आवंटन तथा सामान्य श्रेणी में शिफ्ट करने की प्रक्रिया उपरोक्तानुसार आगे बढेगी।

**(7) स्वीकृत सीटों का परित्याग करना:**

जिस उम्मीदवार ने प्रथम सत्रक शुल्क का भुगतान करके सीट स्वीकार कर ली है और अपनी स्वीकृत सीट को त्याग करना चाहते हैं, वे ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल पर जाकर WITHDRAWAL विकल्प का चयन करके शुल्क वापसी के लिए अपने बैंक खाते का विवरण दर्शाते हुए निकासी फॉर्म भर सकते हैं। धन वापसी नीति (यूजीसी दिशानिर्देशों के अनुसार) नीचे दी गई है। भुगतान किए गए प्रथम सत्रक शुल्क से राशि की कटौती की जाएंगी।

**तालिका 15-3 2025-2026 के स्नातक प्रवेश की धन वापसी नीति***

| क्रम. सं. | कुल शुल्क का धन वापसी की प्रतिशतता | उम्मीदवार द्वारा प्रवेश वापस लेने की सूचना देने का समय | कटौती की जाने वाली राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | 100% | प्रवेश की औपचारिक रूप से अधिसूचित अंतिम तिथि से पहले 15 दिवस या उससे अधिक | प्रक्रमण प्रभार के रूप में 1000/- रुपये |
| 2. | 90% | प्रवेश की औपचारिक रूप से अधिसूचित अंतिम तिथि से पहले 15 दिवस से कम | शुल्क का 10 प्रतिशत + चिकित्सा + आनुपातिक होस्टल प्रभार |
| 3. | 80% | प्रवेश की औपचारिक रूप से अधिसूचित अंतिम तिथि के बाद 15 दिवस या उससे कम | शुल्क का 20 प्रतिशत + चिकित्सा + आनुपातिक होस्टल प्रभार |
| 4. | 50% | प्रवेश की औपचारिक रूप से अधिसूचित अंतिम तिथि के बाद 30 दिवस या उससे कम लेकिन 15 दिवस से ज्यादा | शुल्क का 50 प्रतिशत + चिकित्सा + आनुपातिक होस्टल प्रभार |
| 5. | 0% | प्रवेश की औपचारिक रूप से अधिसूचित अंतिम तिथि के बाद 30 दिवस से अधिक | औपचारिक रूप से अधिसूचित प्रवेश की अंतिम तिथि से 30 दिवस के बाद धन वापस नहीं किया जाएगा। |

***प्रवेश के समय पर यूजीसी के दिशानिर्देशों के अनुरूप बदला जा सकता है।**

## 16. सीट आबंटन / स्वीकृति दौर की अनुसूची

सीट आवंटन / स्वीकृति शुरू होने की संभाव्य तिथि तालिका 14-1 में दी गई है। विस्तृत अनुसूची वेबसाइट में अपलोड की जाएगी।

## 17. विशेष ऑनलाईन या स्पोट प्रवेश दौर

नियमित सीट आवंटन ऑनलाइन दौर के अंत में, यदि कोई रिक्ति मौजूद है, तो उन सीटों को विशेष ऑनलाइन या स्पॉट प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से भरा जाएगा। सभी उम्मीदवार जो आईआईएसटी यूजी प्रवेश 2025 प्रतीक्षा सूची में हैं, वे स्पॉट प्रवेश में भाग लेने के लिए पात्र हैं। प्रतीक्षा सूची के उम्मीदवार जो सीट पाने की इच्छा रखते हैं, वे प्रवेश पोर्टल पर स्पॉट एडमिशन दौर के लिए अपने लॉगिन क्रेडेंशियल में **स्पॉट प्रवेश के लिए अतिरिक्त शुल्क** का भुगतान किए बिना पंजीकरण कर सकते है। लेकिन आईआईएसटी में यूजी प्रवेश के लिए उम्मीदवारों को ऑनलाइन स्पॉट प्रवेश प्रक्रिया के लिए पंजीकरण करना होगा।

## 18. आईआईएसटी में प्रवेश

जिन उम्मीदवारों ने सीट आवंटन स्वीकार कर लिया है, उन्हें तालिका 14 - 1 में निर्दिष्ट तिथि पर आईआईएसटी में शामिल होना है। उम्मीदवारों को सूचित तिथि से पहले निर्धारित प्रारूप (उनके प्रवेश के दौरान प्रदान किया जाएगा) में एक चिकित्सा परीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी ।

## 19. स्थानन

वर्ष 2023 तक जिन छात्रों ने न्यूनतम सीजीपीए मानदंड हासिल किया है, उन्हें इसरो के विविध केंद्रों में आमेलित किया जाएगा। अब तक, 1329 छात्र इसरो के विभिन्न केंद्रों में शामिल हो चुके हैं। गत वर्ष 98 छात्रों को प्रवेश मिला है जिनका विवरण तालिका **19-1** में दिया गया है।

**तालिका 19 - 1 इसरो / अंतरिक्ष विभाग का आमेलन विवरण (2011-2023)**

| **वर्ष** | **एई** | **एवी/ईसीई*** | **पीएस/डीडी**** | **कुल** |
|---|---|---|---|---|
| **2011** | 41 | 54 | 22 | 117 |
| **2012** | 42 | 52 | 30 | 124 |
| **2013** | 39 | 54 | 29 | 122 |
| **2014** | 35 | 43 | 26 | 104 |
| **2015** | 44 | 45 | 13 | 102 |
| **2016** | 43 | 39 | 21 | 103 |
| **2017** | 39 | 42 | 23 | 104 |
| **2018** | 36 | 33 | | 69 |
| **2019** | 42 | 38 | 26 | 106 |
| **2020** | 38 | 43 | 19 | 100 |
| **2021** | 42 | 34 | 11 | 87 |
| **2022** | 38 | 40 | 15 | 93 |
| **2023** | 41 | 44 | 13 | 98 |
| **2024** | 40 | 43 | 18 | 101 |

*वर्ष 2018 में बी.टेक एवियोनिकी का नाम बदलकर इलेक्ट्रॉनिकी एवं संचार इंजीनियरी (एवियोनिकी) कर दिया गया।

**वर्ष 2014 में भौतिकी विज्ञान में बी. टेक. को पांच साल की दोहरी उपाधि कार्यक्रम के रूप में परिवर्तित किया गया। 2014 में प्रवेश प्राप्त पहला बैच 2019 में उत्तीर्ण हुआ।

<u>**वर्ष 2021 प्रवेश से, अंतरिक्ष विभाग/इसरो में आमेलन में संशोधन किया गया है और अधिक जानकारी के लिए भाग 12 देखें।**</u>

स्थानन कक्ष, आईआईएसटी के छात्रों के लिए कैंपस स्थानन की व्यवस्था करने हेतु विविध कंपनियों के साथ एक इंटरफेस के रूप में कार्य करता है। पिछले कुछ वर्षों में आईआईएसटी में जिन कंपनियों ने दौरा किया है, उनकी सूची नीचे दी गई है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए https://iist.ac.in/placementcell देखें।

## 20. रैगिंग विरोधी निति

**क) रैगिंग क्या  हैं?**

| | |
|---|---|
| i. | रैगिंग में निम्नलिखित में से एक या अधिक कार्य शामिल हैं। |
| ii. | किसी छात्र या छात्रों द्वारा मौखिक या लिखित शब्दों या किसी कार्य के माध्यम से किसी नए छात्र या अन्य छात्र को चिढ़ाना, अपमानित करना या असभ्य तरीके से व्यवहार करना। |
| iii. | किसी भी छात्र या छात्रों द्वारा उपद्रवी या अनुशासनहीन गतिविधियों में शामिल होना, जिससे किसी नए छात्र या किसी अन्य छात्र को परेशानी, कठिनाई, मानसिक या शारीरिक कष्ट हो या डर या आशंका पैदा हो। |
| iv. | किसी छात्र को ऐसा कार्य करने के लिए मजबूर करना, जो वह छात्र सामान्यतः नहीं करेगा और जिससे नए छात्र या किसी अन्य छात्र को  शर्मिंदगी या मानसिक पीड़ा हो और उसके शरीर या मानस पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े। |
| v. | किसी वरिष्ठ छात्र द्वारा किया गया कोई भी कार्य जो किसी अन्य छात्र या नए छात्र की नियमित शैक्षणिक गतिविधि को रोकता है, बाधित करता है या परेशान करता है। |
| vi. | किसी व्यक्ति या छात्रों के समूह को सौंपे गए शैक्षणिक कार्यों को पूरा करने के लिए किसी नए छात्र या किसी अन्य छात्र की सेवाओं का उपयोग करना। |
| vii. | किसी नए छात्र या किसी अन्य छात्रों पर छात्रों द्वारा ही धन वसूलना या जबरन आर्थिक बोझ डालना। |
| viii. | किसी भी प्रकार के शारीरिक शोषण का कार्य, जिसमें इसके सभी रूप शामिल हैंयौन शोषण :, समलैंगिक उत्पीड़न, कपड़े उतारना, अश्लील और अभद्र कृत्य करने के लिए मजबूर करना,  अश्लील इशारे दिखाना, शारीरिक चोट पहुँचाना या स्वास्थ्य या व्यक्ति के लिए किसी अन्य प्रकार का खतरा पैदा करना। |
| ix. | मौखिक शब्दों, ईमेल, पोस्ट या सार्वजनिक अपमान के माध्यम से किया गया कोई भी कृत्य या दुर्व्यवहार, जिसमें विकृत आनंद लेना, परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से नए या अन्य छात्र की परेशानी में सक्रिय या निष्क्रिय रूप से भाग लेकर क्रूर आनंद प्राप्त करना शामिल हो। |
| x. | कोई भी ऐसा कार्य जो किसी नए छात्र या अन्य छात्र के मानसिक स्वास्थ्य और आत्मविश्वास को प्रभावित करता है, चाहे वह क्रूर आनंद लेने के उद्देश्य से किया गया हो या किसी नए छात्र पर किसी दूसरे छात्र द्वारा शक्ति, अधिकार या श्रेष्ठता दिखाने के लिए किया गया हो। |

**ग. रैगिंग की स्थिति में प्रशासनिक कार्रवाई**

| **रैगिंग कानून के तहत दंडनीय अपराध है। यदि कोई रैगिंग के कारण दोषी पाया जाता है तो संस्थान द्वारा निम्नलिखित में से एक या अधिक दंड दिए जाएंगे।** | |
|---|---|
| i. | **कक्षाओं में उपस्थित रहने से मना करना और शैक्षिक विशेषाधिकारों से वंचित रखना** |
| ii. | **छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति और अन्य लाभों को रोकना/वापस लेना** |
| iii. | **कोई परिक्षा देने से या परीक्षण/ अन्य मूल्यांकन प्रक्रिया में उपस्थित होने से मना करना** |
| iv. | **परिणामों को रोके रखना** |
| v. | **किसी भी क्षेत्रीय, राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता, टूर्नामेंट, युवजनोत्सव आदि में संस्थान का प्रतिनिधित्व करने से रोकना** |
| vi. | **होस्टल से निलंबित करना या बाहर निकाल देना** |
| vii. | **प्रवेश रद्द करना** |
| viii. | **एक से चार सेमेस्टर की अवधि के लिए संस्थान से बाहर निकाल देना** |

| | |
|---|---|
| ix. | **संस्थान से बाहर निकाल देना और परिणामस्वरूप निर्दिष्ट अवधि के लिए किसी अन्य संस्थान में प्रवेश पर प्रतिबंध** |

**जिन कंपनियों ने आईआईएसटी का दौरा किया है, उनका विवरण**



## 21. संपर्क विवरण

| | |
|---|---|
| **संपर्क पता** | अध्यक्ष (स्नातक प्रवेश)<br>भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान<br>वलियमला पोस्ट, तिरुवनंतपुरम – 695 547<br>केरल, भारत |
| **ई – मेल** | ugadmission@iist.ac.in<br><br>**(केवल ईमेल से प्रश्नों का उत्तर दिया जाएगा।)** |
| **हेल्प डेस्क संपर्क नंबर** | **लैंडलाइन नंबर** : 0471-2568477, 478, 618, 418<br>(**सोमवार से शुक्रवार सुबह** 9:30 **बजे से शाम के** 5:00 **बजे तक**)<br>**फैक्स**: 0471-2568556<br>**हेल्प डेस्क केवल ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया में ही मदद करेगा। अन्य प्रश्नों का उत्तर केवल ई-मेल से ही दिया जाएगा।** |

## 22. विवाद निवारण

आईआईएसटी स्नातक प्रवेश से संबंधित कोई भी शिकायत सबसे पहले अध्यक्ष, स्नातक प्रवेश – 2025 आईआईएसटी को भेजनी चाहिए। निदेशक, आईआईएसटी ऐसे शिकायतों के संबंध में अपील प्राधिकारी होंगे। केवल तिरुवनंतपुरम के न्यायालय ही आईआईएसटी स्नातक प्रवेश से संबंधित सभी मामलों पर न्यायनिर्णय ले सकते हैं।

**FORM-OBC-NCL**

# OBC-NCL Certificate Format

**FORM OF CERTIFICATE TO BE PRODUCED BY OTHER BACKWARD CLASSES (NCL)* APPLYING FOR ADMISSION TO CENTRAL EDUCATIONAL INSTITUTIONS (CEIs), UNDER THE GOVERNMENT OF INDIA**

This is to certify that Shri/Smt./Kum** ________________________________ Son/ Daughter** of Shri/Smt.** _________________________________of Village/ Town**______________________________District/Division** ________________ in the State/Union Territory _____________________________ belongs to the ______________________________ community that is recognized as a backward class under Government of India***, Ministry of Social Justice and Empowerment's Resolution No. ______________________________ dated ________________****

Shri/Smt./Kum. ___________________________________ and/or ____________ his/her family ordinarily reside(s) in the ____________________________ District/Division of the _________________________ State/Union Territory. This is also to certify that **he/she does NOT belong to the persons/sections (Creamy Layer)** mentioned in Column 3 of the Schedule to the Government of India, Department of Personnel & Training O.M. No. 36012/22/93- Estt. (SCT) dated 08/09/93 which is modified vide OM No. 36033/3/2004 Estt.(Res.) dated 09/03/2004, further modified vide OM No. 36033/3/2004-Estt. (Res.) dated 14/10/2008, again further modified vide OM No.36036/2/2013-Estt (Res) dtd. 30/05/2014, and again further modified vide OM No. 36033/1/2013-Estt (Res) dtd. 13/09/2017.

District Magistrate /
Deputy Commissioner /
Any other Competent Authority

Dated:

Seal

---

* **Visit http://www.ncbc.nic.in for latest guidelines and updates on the Central List of State-wise OBCs.**

** **Please delete the word(s) which are not applicable.**

*** **As listed in the Annexure (for FORM-OBC-NCL)**

**** **The authority issuing the certificate needs to mention the details of Resolution of Government of India, in which the caste of the candidate is mentioned as OBC.**

**NOTE:**

(a) The term 'Ordinarily resides' used here will have the same meaning as in Section 20 of the Representation of the People Act, 1950.

(b) The authorities competent to issue Caste Certificates are indicated below:

(i) District Magistrate/ Additional Magistrate/ Collector/ Deputy Commissioner/ Additional Deputy Commissioner/ Deputy Collector/ Ist Class Stipendiary Magistrate/ Sub-Divisional magistrate/ Taluka Magistrate/ Executive Magistrate/ Extra Assistant Commissioner (not below the rank of Ist Class Stipendiary Magistrate).

(ii) Chief Presidency Magistrate / Additional Chief Presidency Magistrate / Presidency Magistrate.

(iii) Revenue Officer not below the rank of Tehsildar' and

(iv) Sub-Divisional Officer of the area where the candidate and/or his family resides

(v) Certificate issued by any other authority will be rejected

– I

## Appendix - II

**FORM-GEN-EWS**

**Government of ……………………………….**
**(Name & Address of the authority issuing the certificate)**

### INCOME & ASSET CERTIFICATE TO BE PRODUCED BY ECONOMICALLY WEAKER SECTIONS

Certificate No. _____________________ Date___________________

1. This is to certify that Shri/Smt./Kumari _________________________ son/daughter/wife of _______________________________ permanent resident of _________________________, Village/Street ____________________ Post Office _________________ District ______________ in the State/Union Territory ___________________ Pin Code __________ whose photograph in attested below belongs to Economically Weaker Sections, since the gross annual income* of his/her **"family"**** is below Rs. 8 lakh (Rupees Eight Lakh only) for the financial year 2024-2025. His/her family does not own or possess any of the following assets***:

I. 5 acres of agricultural land and above;
II. Residential flat of 1000 sq. ft. and above;
III. Residential plot of 100 sq. yards and above in notified municipalities;
IV. Residential plot of 200 sq. yards and above in areas other than the notified municipalities.

2. Shri/Smt./Kumari ________________________ belongs to the ________ caste which is not recognized as a Schedule Caste, Schedule Tribe and Other Backward Classes (Central List).

Signature with seal of Officer __________________
Name _________________________
Designation _______________

Recent Passport size attested photograph of the applicant

**The income and assets of the families as mentioned would be required to be certified by an officer not below the rank of Tehsildar in the States/UTs.**

---

* **Note1:** Income covered all sources i.e., salary, agricultural, business, profession, etc.
** **Note2:** The term **"Family"** for this purpose includes the person, who seeks benefit of reservation, his/her parents and siblings below the age of 18 years as also his/her spouse and children below the age of 18 years.
*** **Note3:** The property held by a **"Family"** in different locations or different places/cities have been clubbed while applying the land or property holding test to determine EWS status.

**Appendix - II**

## ANNEXURE for FORM-OBC-NCL

| Sl. No. | Resolution No. | Date of Notification |
|---|---|---|
| 1 | No.12011/68/93-BCC(C) | 13.09.1993 |
| 2 | No.12011/9/94-BCC | 19.10.1994 |
| 3 | No.12011/7/95-BCC | 24.05.1995 |
| 4 | No.12011/96/94-BCC | 09.03.1996 |
| 5 | No.12011/44/96-BCC | 11.12.1996 |
| 6 | No.12011/13/97-BCC | 03.12.1997 |
| 7 | No.12011/99/94-BCC | 11.12.1997 |
| 8 | No.12011/68/98-BCC | 27.10.1999 |
| 9 | No.12011/88/98-BCC | 06.12.1999 |
| 10 | No.12011/36/99-BCC | 04.04.2000 |
| 11 | No.12011/44/99-BCC | 21.09.2000 |
| 12 | No.12015/9/2000-BCC | 06.09.2001 |
| 13 | No.12011/1/2001-BCC | 19.06.2003 |
| 14 | No.12011/4/2002-BCC | 13.01.2004 |
| 15 | No.12011/9/2004-BCC | 16.01.2006 |
| 16 | No.12011/14/2004-BCC | 12.03.2007 |
| 17 | No.12011/16/2007-BCC | 12.10.2007 |
| 18 | No.12019/6/2005-BCC | 30.07.2010 |
| 19 | No. 12015/2/2007-BCC | 18.08.2010 |
| 20 | No.12015/15/2008-BCC | 16.06.2011 |
| 21 | No.12015/13/2010-BC-II | 08.12.2011 |
| 22 | No.12015/5/2011-BC-II | 17.02.2014 |
| 23 | No. 12011/04/2014-BC-II | 14.01.2015 |
| 24 | No. 12011/7/2014-BC-II | 23.01.2015 |
| 25 | No. 12011/1/2015-BC-II | 27.05.2015 |
| 26 | No. 12015/05/2011-BC-II | 14.07.2015 |
| 27 | No. 12011/06/2014-BC-II | 09.09.2015 |
| 28 | No. 12011/13/2016-BC-II | 25.05.2016 |
| 29 | No. 12011/14/2016-BC-II | 13.06.2016 |
| 30 | No. 12011/15/2016-BC-II | 30.06.2016 |
| 31 | No. 12011/4/2014-BC-II | 11.08.2016 |
| 32 | No. 12011/6/2014-BC-II | 06.12.2016 |
| 33 | No. 12011/13/2016-BC-II | 22.12.2016 |
| 34 | No. 20012/1/2017-BC-II | 18.01.2017 |
| 35 | No. 12011/7/2017-BC-II | 28.07.2017 |
| 36 | No. 36033/1/2013-Estt. (Res.) | 13.09.2017 |
| 37 | No. 36033/2/2018-Estt. (Res.) | 08.06.2018 |

## Appendix - III

**FORM-SC-ST**

## SC/ST Certificate Format

### FORM OF CERTIFICATE TO BE PRODUCED BY SCHEDULED CASTES (SC) AND SCHEDULED TRIBES (ST) CANDIDATES

1. This is to certify that Shri/ Shrimati/ Kumari* ______________________ son/daughter* of ______________________ of Village/Town* ______________________ District/Division* ______________________ of State/Union Territory* ______________________ belongs to the ______________________ Scheduled Caste / Scheduled Tribe* under :-

- * The Constitution (Scheduled Castes) Order, 1950
- * The Constitution (Scheduled Tribes) Order, 1950
- * **The Constitution (Scheduled Castes) (Union Territories) Order, 1951**
- * The Constitution (Scheduled Tribes) (Union Territories) Order, 1951

[As amended by the Scheduled Castes and Scheduled Tribes Lists (Modification Order) 1956, the Bombay Reorganisation Act, 1960, the Punjab Reorganisation Act, 1966, the State of Himachal Pradesh Act, 1970, the North Eastern Areas (Reorganisation) Act, 1971, the Scheduled Castes and Scheduled Tribes Orders (Amendment) Act, 1976 and the Scheduled Castes and Scheduled Tribes Orders (Amendment) Act, 2002]

- * The Constitution (Jammu and Kashmir) Scheduled Castes Order, 1956;
- * The Constitution (Andaman and Nicobar Islands) Scheduled Tribes Order, 1959, as amended by the Scheduled Castes and Scheduled Tribes Order (Amendment) Act, 1976;
- * The Constitution (Dadra and Nagar Haveli) Scheduled Castes Order, 1962;
- * The Constitution (Dadra and Nagar Haveli) Scheduled Tribes Order, 1962;
- * The Constitution (Pondicherry) Scheduled Castes Order, 1964;
- * The Constitution (Uttar Pradesh) Scheduled Tribes Order, 1967;
- * The Constitution (Goa, Daman and Diu) Scheduled Castes Order, 1968;
- * The Constitution (Goa, Daman and Diu) Scheduled Tribes Order, 1968;
- * The Constitution (Nagaland) Scheduled Tribes Order, 1970;
- * The Constitution (Sikkim) Scheduled Castes Order, 1978;
- * The Constitution (Sikkim) Scheduled Tribes Order, 1978;
- * The Constitution (Jammu and Kashmir) Scheduled Tribes Order, 1989;
- * The Constitution (Scheduled Castes) Order (Amendment) Act, 1990;
- * The Constitution (Scheduled Tribes) Order (Amendment) Act, 1991;
- * The Constitution (Scheduled Tribes) Order (Second Amendment) Act, 1991.

2. # This certificate is issued on the basis of the Scheduled Castes / Scheduled Tribes* Certificate issued to Shri /Shrimati* ______________________ father/mother* of Shri /Shrimati /Kumari* ______________________ of Village/Town* ______________________ in District/Division* ______________________ of the State State/Union Territory* ______________________ who belong to the Caste / Tribe* which is recognised as a Scheduled Caste / Scheduled Tribe* in the State / Union Territory* ______________________ issued by the ______________________ dated ______________________.

3. Shri/ Shrimati/ Kumari * ______________________ and / or* his / her* family ordinarily reside(s)** in Village/Town* ______________________ of ______________________ District/Division* of the State Union Territory* of ______________________.

Signature: ______________________
Designation ______________________
(With seal of the Office)

Place: ______________ State/Union Territory* ______________________

Date: ______________________

* Please delete the word(s) which are not applicable.
# Applicable in the case of SC/ST Persons who have migrated from another State/UT.

IMPORTANT NOTES

The term "ordinarily reside(s)**" used here will have the same meaning as in Section 20 of the Representation of the People Act, 1950.
Officers competent to issue Caste/Tribe certificates:

1. District Magistrate / Additional District Magistrate / Collector / Deputy Commissioner / Additional Deputy Commissioner / Deputy Collector / Ist Class Stipendiary Magistrate / City Magistrate / Sub-Divisional Magistrate / Taluka Magistrate / Executive Magistrate / Extra Assistant Commissioner.
2. Chief Presidency Magistrate / Additional Chief Presidency Magistrate / Presidency Magistrate.
3. Revenue Officers not below the rank of Tehsildar.
4. Sub-divisional Officer of the area where the candidate and/ or his family normally reside(s).
5. Administrator / Secretary to Administrator / Development Officer (Lakshadweep Island).
6. Certificate issued by any other authority will be rejected.

# Indian Institute of Space Science and Technology

Contact Address; Indian Institute of Space Science and Technology Valiamala (PO). Thiruvananthapuram-695547Kerala, INDIA

E-Mail: ugadmission@ust ac in , Landline Numbers : 0471-2568477 478, 618 , 418 , Fax: 0471-2568556

